हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–222 : जौनपुर, गुरुवार 09 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## राममंदिर के स्थान पर अस्पताल बनाने का कहने वाले लोग मंदिरों में घूम रहे : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



आजमगढ़ ब्यूरो : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने गुरुवार को आजमगढ़ जिले के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के नरायनपुर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब न हिंदू मुसलमान से लड़ेगा और न ही मुसलमान हिंदू से लड़ेगा बल्कि सभी मिलकर गरीबी, भ्रष्टाचार, गुंडों और माफियाओं से लड़ेंगे। एक समय था जब लोगों को वंदे मातरम और भारत माता की जय बोलने में शर्म आती थी। लेकिन आज विक्टोरिया भवन में भी भारत माता की जय गूंजता है। यह सब हमारे लोकप्रिय पीएम नरेंद्र मोदी के कारण संभव हुआ है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव ने अपने भाषण की शुरुआत से पहले देश के पहले सीडीएस विपिन रावत को श्रद्धांजलि दी। सात ही दो मिनट का मौन रखा। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अखिलेश के किले को ध्वस्त करने के लिए भाजपा ने खास रणनीति बनाई है। अब आजमगढ़ और लालगंज में भी भाजपा ईश्वर के आशीर्वाद और जनता के सहयोग से फतह करेगी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य मोदी और योगी कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने हिंदू–मुस्लिमों को लड़ाने का काम किया। अब जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। अब हिंदू न मुसलमान से लड़ेगा, न मुसलमान से हिंदू लड़ेगा। बल्कि दोनों मिलकर योगी मोदी के नेतृत्व में गरीबी और अपराधियों से लड़ेंगे, महिलाओं के साथ अत्याचार करने वालों से लड़ेंगे, अपने कल्याण के लिए लड़ेंगे। पिछले 70 वर्षों में विकास न होने के आंकड़े को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि योगी मोदी ने सभी वर्गों खासकर गरीब तबके का ख्याल रखा है। रसोई गैस, शौचालय, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, दुर्घटना बीमा जैसी तमाम योजनाओं को दिया। कोरोना जैसी बीमारी में रात दिन काम किए। उन्होंने यह भी कहा कि लक्ष्मी न हाथी पर आती है, न साइकिल, न पंजे पर आती है। लक्ष्मी कमल पर ही आती है। सपा बसपा और कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि यह लोग पार्टी नहीं ट्रस्ट चलाते हैं। पहले इनके द्वारा कहा जाता था कि राममंदिर की जगह पर अस्पताल बनाओ, जिन लोगों ने हमारे पूर्वजों का अपमान किया आज वह लोग मंदिर–मंदिर घूमकर मत्था टेक रहे हैं। फिर नहीं मिलेंगे ऐसे तपस्वी लीडर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अगर आज मोदी नहीं होते तो न मंदिर होता, न सर्जिकल स्ट्राइक होती और न ही गरीबों को मुफ्त राशन मिलता है। इसलिए सभी को छोड़न लेकिन मोदी और योगी को मत छोड़ना। क्योंकि ऐसे तपस्वी नेता फिर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि न वंशवाद और न ही जातिवादी मतदान राष्ट्रवाद पर होता है।

## गेहूं की पहली सिंचाई के बाद घोल के रुप में छिड़कें यूरिया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कृषि विभाग द्वारा गुरुवार को कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत मुंगराबादशाहपुर ब्लाक परिसर में रबी फसलों के बेहतर उत्पादन वाली आधुनिक तकनीको से किसानों को प्रशिक्षित किया गया। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग के कारण मिट्टी लगातार बीमार होती जा रही है, मृदा की सेहत सुधार हेतु मृदा की जांच कराकर संतुलित उर्बरको के प्रयोग से खेती करने की जरूरत है। डा. यादव ने कहा कि रबी सीजन में समय से बुराई करने वाले किसान फसल की पहली सिंचाई कर रहे हैं इसके बाद यूरिया का बुरकाव करेंगे ऐसे में यदि उर्वरकों का छिड़काव घोल के रूप में करें इसके लिए घुलनशील उर्वरक खाद की दुकानों पर उपलब्ध है। ऐसा करने पर कम लागत में ही बेहतर उपज ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि नाइट्रोजन फास्फोरस सल्फर 16–16–0 –13 या एनपीके 18– 18– 18 उर्वरक पानी में घोलकर छिड़काव करें पहली सिंचाई के बाद डेढ़ किग्रा उर्वरक सौ लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ के हिसाब



से छिड़काव कर दें। दूसरी सिचाई के बाद दो किग्रा उर्वरक 100 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें तो उपज गुणवत्ता पूर्ण प्राप्त होगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ सुरेंद्र बहादुर सिंह तथा संचालन एडीओ एजी विवेक सिंह ने किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत हंसराज उपाध्याय, डीएफएसी सदस्य कमलाकान्त पाण्डेय, आशुतोष राय, सुनील वर्मा, प्रदीप वर्मा, दीपक मिश्र, प्रदुम्मन पाण्डेय, ओमप्रकाश पटेल, मंजू, मीरा, मीना, मनीष सिंह,आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## अध्यापकों को पीटने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मीरगंज थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय माधोपुर मे कोविड वैक्सीनेशन के दौरान अध्यापको के साथ मारपीट करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके वैधानिक कार्यवाही करने मे जुट गयी है। मीरगंज थाना के ग्राम पंचायत माधोपुर के प्राथमिक विद्यालय मे कोरोना की वैक्सीन लगाई जा रही थी वैक्सीनेशन के काम मे सहायक अध्यापक टीपू सुल्तान सत्यापनकर्ता तथा विकास गौतम नोडल के रुप मे कर रहे थे । दोनो शिक्षक का आरोप था की मंगलवार दोपहर डेढ बजे गाँव के कुछ लोग रजिस्ट्रेशन कराने के लिए विद्यालय आये और पहले रजिस्ट्रेशन कराने का दबाब बनाने लगे इसी मे गाँव के कुछ लोगो ने दोनो शिक्षक के साथ मारपीट करके भाग गये। दोनो शिक्षक इसकी जानकारी एबीएस पंकज यादव व प्राथमिक शिक्षक संघ मछलीशहर अध्यक्ष रोहित यादव युनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष चन्द्रेश यादव को दी तो सभी लोग कई शिक्षक के साथ मीरगंज थाना पहुच कर पुलिस को लिखित सूचना देकर कार्यवाही की मांग की थी ।जिस पर मीरगंज पुलिस ने मंगलवार देर शाम ही माधोपुर के राकेश मिश्र उर्फ पिन्टू पुत्र महेंद्र मिश्र व रामजी मिश्र पुत्र सियाराम मिश्रा व एक अज्ञात के खिलाफ एससी एसटी सहित अन्य धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया था गुरुवार को पुलिस ने राकेश मिश्र उर्फ पिन्टू पुत्र महेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया है । गिरप्तार करने वाली टीम मे उप निरिक्षक चन्द्र केश शर्मा कास्टेबल रणजीत सिह रामजी राय विमल कुमार व रमेन्द्र यादव शामिल रहे। थानाध्यक्ष मीरगंज सुरेश कुमार सिह का कहना है माधोपुर के एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 20 सूत्री मांगों की पूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु किया गया 2 घंटे कार्य बहिस्कार

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 20 सूत्री मांगों की पूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु आज 9 दिसंबर को प्रदेश के समस्त चिकित्सालय में 2 घंटे कार्य बहिष्कार किया गया जिस कारण प्रदेश के समस्त चिकित्सालयों में 2 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं ठप रही। लखनऊ के बड़े चिकित्सालयों बलरामपुर चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, लोक बंधु चिकित्सालय, राम मनोहर लोहिया सहित प्रदेश भर के समस्त बड़े चिकित्सालयों व ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सालयों में कार्य ठप्प रहा।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला व महामंत्री उमेश मिश्रा ने कहा सरकार फार्मेसिस्ट की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही हैं ।शासन में बैठे अधिकारी माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के बाद भी कर्मचारी समस्याओं का निराकरण नहीं कर रहे हैं एवं न ही संगठनों से वार्ता की जा रही है।उन्होंने कहा की फार्मेसिस्टों की अनेकों मांगे जनहित से जुड़ी हुई हैं व गैर वित्तीय मांगे हैं लेकिन उच्च अधिकारियों की उदासीनता के कारण प्रदेश भर में फार्मेसिस्ट संवर्ग में अत्यंत रोष व्याप्त है ।वेतन विसंगति ,पदनाम परिवर्तन, पदों के मानकों में संशोधन, प्रभार भत्ते में संशोधन , नुस्खा लिखने का अधिकार देने आदि मांगों में माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी के सकारात्मक दृष्टिकोण के बाद भी शासन स्तर पर कार्यवाही नहीं हो रही है जिस कारण मजबूर होकर फार्मेसिस्टों को




आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा। उन्होंने कहा की 16 दिसंबर तक प्रदेश के फार्मेसिस्ट 2 घंटे कार्य बहिष्कार करेंगे एवं 17 दिसंबर से प्रदेश के फार्मेसिस्ट संवर्ग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे एवं 20 दिसंबर से पोस्टमार्टम व इमरजेंसी सेवाएं भी बंद कर देंगे ।उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से अपील की कि फार्मेसिस्टों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल शासनादेश निर्गत करने के लिए निर्देशित करने की कृपा करें अन्यथा की दशा में फार्मेसिस्टों की हड़ताल के कारण जनता को होने वाली असुविधा की जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

## कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम–2013 के प्राविधानों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से जिलास्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिया गया कि सभी विभागों में आंतरिक परिवार कल्याण समिति की बैठक कर ली जाए। सभी विभागों में पीपीटी के माध्यम से कार्मिको को भी जागरूक किया जाए। कार्यालय में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मान मिले। कार्यस्थल पर लैगिक उत्पीड़न करने वाले के विरूद्व विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, सचिव रेडक्रास सोसाईटी मनोज वत्स, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, संजय उपाध्याय, जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह, बबीता सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी रिटायर्ड अफसर हत्याकांड में आठ आरोपियों पर गैंगस्टर का मुकदमा : करोड़ों की संपत्ति हथियाने के लिए की थी हत्या

वाराणसी ब्यूरो : एनटीपीसी के रिटायर्ड अफसर मार्तंड शाही हत्याकांड के आठ आरोपियों पर वाराणसी के कैंट थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जिला जेल में निरुद्ध सभी आरोपियों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस ने चार्जशीट भी कोर्ट में दाखिल कर दी है। फास्ट ट्रैक द्वितीय की अदालत में मुकदमे की सुनवाई होगी। पुलिस के अनुसार, आठ आरोपियों की जमानत अर्जी भी सेशन कोर्ट की ओर से खारिज कर दी गई है। गैंगस्टर एक्ट के तहत अब आठ आरोपियों की संपत्ति का विवरण भी जुटाया जा रहा है, जिसे जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। करोड़ों की संपत्ति हथियाने के लिए मार्तंड शाही की धोखे से कानपुर ले जाकर हत्या कर दी गई थी। कैंट थाना क्षेत्र के छावनी क्षेत्र के बुद्ध विहार कॉलोनी निवासी मार्तंड शाही को धोखे में रखकर उनकी करोड़ों की संपत्ति ककरमत्ता क्षेत्र के जानकीनगर स्थित शिव शक्ति अपार्टमेंट में रहने वाले राजेश कुमार चौहान और उसकी पत्नी कंचन सिंह चौहान ने दानपात्र करा लिया था। मूलरूप से गाजीपुर के करीमुद्दीन थाना क्षेत्र के असावर के रहने वाले राजेश और कंचन ने मार्तंड शाही की हत्या कर उनका तीन मंजिला मकान कब्जा करने की साजिश गोरखपुर के सेमरा चिलुआताल के बृजेश यादव, करजहो चिलुआताल के रमेश यादव, जौनपुर के पोखरा के दिनेश कुमार सिंह, गोरखपुर के सुभाष चंद्र बोस नगर के सुबोध कुमार द्विवेदी और भोजूबीर के निगमेंद्र सिंह सिसोदिया और भरलाई शिवपुरनिवासी राजेश कुमार के साथ रची थी। कानपुर में रहने वाले अपने बेटी–दामाद और नातिन के नाम संपत्ति करने पर मार्तंड शाही तैयार हुए तो उन्हें आरोपियों ने धोखे से कानपुर ले जाकर नौबस्ता थाना क्षेत्र में हत्या कर शव फेंक दिया और मकान पर कब्जा कर लिया था। आठ अगस्त 2021 को मार्तंड शाही का शव नौबस्ता पुलिस ने बरामद किया था। इसके बाद गाजियाबाद में नौकरी करने वाले बेटे अमित शाही ने कैंट थाने में सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या, अगवा सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि दंपती सहित आठ के ऊपर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस केस में पुलिस ने न्यायालय में चार्ज शीट दाखिल कर दी है। जिसकी सुनवाई भी फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय में चलेगी। 90 दिन चली तफ्तीश में पुलिस ने 1345 पन्ने की सीडीआर का आकलन और 63 गवाहों के बयान लेने के बाद हत्या में शामिल आठ आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य इकट्ठा करते हुए आरोप पत्र तैयार किया है।

## अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) रामप्रकाश ने शीतलहर से बचाव हेतु दिये निर्देश : बताये सुरक्षा उपाय

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) रामप्रकाश ने अवगत कराया है कि शीतलहर से बचाव हेतु सुरक्षा उपाय किये जा सकते है उक्त के अर्न्तगत स्थानीय रेडियों, दैनिक समाचार पत्र टी०वी० एवं मोबाइल फोन के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहे। कोयले की अंगीठी/मिट्टी तेल का चूल्हा/हीटर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरते तथा कमरे मे शुद्ध हवा का आवागमन/वेटिलेशन/वायु–संचार बनाये रखें ताकि कमरे में विषाक्त / जहरीला घुआँ इकट्ठा न हो।शरीर को सूखा रखें, गीले कपड़े तुरन्त बदल लें, ये आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। घर में अलाव के सामान न हो तो अत्यधिक ठंड के दिनों में सामुदायिक केन्द्रों/स्थलों पर जाएं, जहाँ प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबन्ध किया गया हो। कई स्तरों वाले गर्म कपड़े, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीतदंश से बचाव कर सकते है। अत्यधिक ठण्ड / कोहरा पड़ने पर छोटे बच्चों और बुजुगों को जितना हो सके घर के अन्दर रखें। शरीर में ऊष्मा के प्रवाह को बनाये रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। (Hypothermia)/ हाइपोथर्मिया के लक्षणों जैसे–असामन्य शरीर का तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, असीमित ठिठुरना सुरती, थकान, तुतलानी, थकावट इत्यादि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपने नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें।(Frostbite) /शीतदंश के लक्षणों जैसे– शरीर के अंगों का सुन्न पड़ना, हाथों–पैरों की उँगलियों, कान, नाक आदि पर सफेद या पीले रंग के दाग उभर आने पर अपने नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें। अगर बिजली विफल हो जाती है, तो फीजर का दरवाजा बंद रखने पर फीजर 48 घण्टे तक भोजन को सुरक्षित रखेगा। अपने आस–पास के अकेल रहने वाले किसी भी पड़ोसियों की जानकारी रखें, खसकर बुजुर्गों की एवं किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन पर संपर्क करें।


## वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ.प्र.)

## सूचना

### पच्चीसवां दीक्षान्त समारोह, 10 दिसम्बर, 2021

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के महन्त अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में पूर्वाह्न 10:00 बजे से आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। श्रीमती आनन्दीबेन पटेल, माननीय कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश समारोह की अध्यक्षता करेंगी। पद्मश्री प्रो0 जे.एस. राजपूत पूर्व निदेशक, एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

विश्वविद्यालय के समस्त सम्मानित आचार्य, उपाचार्य, प्राध्यापक, महाविद्यालय शिक्षक संघ, परिषदों के सम्मानित सदस्य, पदाधिकारियों एवं सम्बन्धित जनों को सूचित किया जाता है कि आप सभी दिनांक–10.12.2021 को पूर्वाह्न 10:00 बजे विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर सादर आमंत्रित है। निमंत्रण पत्र अलग से प्रेषित किये गये हैं। पीएच.डी. उपाधिकारक तथा सर्वोच्च अंक प्राप्त करनें वाले गोल्ड मेडल धारको को पत्र के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। समस्त को निमंत्रण पत्र/सूचना पत्र साथ में लाना अनिवार्य है।

**कुलसचिव**
**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय**

आर0ओ0 संख्या–पत्रांक: 1701/सा.प्रशा./2021 दिनांक– 08.12.2021


## बीएचयू के जूनियर डॉक्टरों ने खत्म की हड़ताल : कल से काम पर लौटेंगे मरीजों ने ली राहत की सांस

वाराणसी ब्यूरो : हड़ताल पर बैठे बीएचयू अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म कर दी है। इससे मरीजों ने राहत की सांस ली है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि सभी डॉक्टर शुक्रवार सुबह आठ बजे काम पर लौटेंगे। जूनियर डॉक्टर अस्पताल में हड़ताल पर बैठे हुए थे। नीट पीजी में काउंसिलिंग में देरी के विरोध में जूनियर डॉक्टर 27 दिसंबर से ही हड़ताल पर बैठे हुए थे। जिससे इमरजेंसी सेवा ठप थी। वरिष्ठ चिकित्सकों पर ही ओपीडी में मरीजों को परामर्श देने के साथ ही इलाज की जिम्मेदारी थी। हड़ताल पर होने से मरीजों को सही से इलाज नहीं मिल पा रहा था। बुधवार दोपहर में इमरजेंसी के बाहर परिजन मरीजों को स्ट्रेचर पर लेकर खड़े रहे थे। कुछ को ऑक्सीजन भी लगा था। इसके अलावा जो अंदर हॉल में भर्ती थे, उन्हें भी केवल सीनियर रेजिडेंट, पैरामेडिकल स्टाफ ही देख रहे थे। जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल का असर ऑपरेशन थिएटर पर भी दिखा। मरीजों के परिजन बाहर खड़े होकर ऑपरेशन का इंतजार करते रहे।



जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म करने के लिए कहा था, साथ ही उनकी मांगों पर 16 दिसंबर तक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। वहीं, डॉक्टरों ने कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो 17 दिसंबर से फिर से हड़ताल शुरू हो जाएगी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 की तैयारियों के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर उनके दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहां की विधानसभा निर्वाचन में सेक्टर मजिस्ट्रेट की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। निर्वाचन–2022 में जो जिम्मेदारी दी गई है, उसके अनुसार अपनी तैयारी सुनिश्चित कर लें। अपने क्षेत्र में पड़ने वाले बूथों का निरीक्षण करके वहाँ मूलभूत आवश्यक सभी सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उसकी रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को भेज दें। जिससे समय से रहते सभी प्रकार की समुचित व्यवस्था कराई जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी लोग टीम भावना से कार्य करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश सहित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में लगे संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

*भूल होना प्रकृति है, मान लेना संस्कृति है, सुधार लेना प्रगति है–*

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# पंचायतों में आरक्षण से और मजबूत होगा उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरक्षण नियमावली जारी कर दी। इससे उत्तर प्रदेश न केवल और मजबूत होगा बल्कि राज्य में महिलाओं, दलित और पिछड़ी जाति के लोगों का सामाजिक वर्चस्व भी बढ़ेगा। वे सशक्त होंगे तो इसका असर प्रदेश के विकास पर भी व्यापक रूप से दिखेगा। जिला, नगर, ब्लॉक और गांवों का चक्रानुक्रम आधारित आरक्षण कर योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। इस बहाने सरकार ने दलितों, पिछड़ों और महिलाओं को अपने अनुकूल करने की मुकम्मल कोशिश भी की है। इससे पंचायतों में वर्षों से चले आ रहे परिवारवादी कॉकस को तोड़ने में मदद मिलेगी, वहीं इसे लेकर उत्पन्न होने वाले असंतोष की जड़ में अवसर प्राप्ति का मट्ठा भी पड़ेगा। महिला सशक्तीकरण अभियान चलाने वाली योगी सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने की भी इस बहाने भरपूर कोशिश की है। देखा जाए तो इस नई आरक्षण व्यवस्था से दलितों और पिछड़ों की राजनीति करने वाले बड़े राजनीतिक दलों को भी झटका लगेगा। किसान आंदोलन के मद्देनजर पंचायत चुनाव कराने का जो अदालती दबाव विपक्ष ने सरकार पर बनाया था, योगी सरकार ने अपने एक प्रयास से उसकी हवा निकाल दी है।

रोटेशन आधारित इस आरक्षण प्रक्रिया के चलते प्रदेश में महिलाओं का दबदबा बढ़ेगा, इसमें संदेह नहीं है। उत्तर प्रदेश की 58194 ग्राम पंचायतों में 19659 महिला प्रधान चुनी जाएंगी। जिला पंचायत की 75 में से 25 सीटों पर महिलाओं का कब्जा होगा। ऐसी फूलप्रूफ व्यवस्था कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता में 33 प्रतिशत भागीदारी की महिलाओं की चिर प्रतीक्षित मांग भी पूरा कर दी है। इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की जिला पंचायत पर भी महिला ही काबिज होगी। यहां की जिला पंचायत अध्यक्ष भी अनुसूचित जाति की महिला बनेगी। शामली, बागपत, लखनऊ, कौशाम्बी, सीतापुर और हरदोई में जहां अनुसूचित जाति की महिला जिला पंचायत अध्यक्ष बनेंगी, वहीं संभाल, हापुड़, एटा, बरेली, कुशीनगर, वाराणसी और बड़ों की जिला पंचायत अध्यक्ष ओबीसी की होगी। अनारक्षित जिला पंचायतों में भी 12 जिला पंचायतें कासगंज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मउ, प्रतापगढ़, कन्नौज, हमीरपुर, बहराइच, अमेठी, गाजीपुर, जौनपुर और सोनभद्र महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है।

महिला प्रथम की नीति से महिलाओं की सहानुभूति का लाभ योगी सरकार को पंचायतों में तो मिलेगा ही, इसे 2022 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तौर पर भी देखा जा रहा है। ब्लॉक प्रमुखों की कुल 826 सीटों में से अनुसूचित जनजाति के लिए 5 सीटें आरक्षित की गई हैं, जिनमें चार पर इसी जाति की महिलाएं चुनाव लड़ेंगी। जबकि अनुसूचित जाति के लिए 171 सीटें छोड़ी गई हैं, जिनमें से 86 सीटों पर इसी जाति की महिलाएं ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ेंगी। अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षित 223 सीटों में से 97 इस वर्ग की महिलाओं के लिए है। जिला पंचायत में अनुसूचित जाति के लिए 16, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 20 सीटें आरक्षित कर योगी सरकार ने सूबे में यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह सबका साथ और सबका विकास की अवधारणा में यकीन रखती है।

कोरोना महामारी के चलते पंचायत चुनाव तय समय पर नहीं हो पाए और ग्राम प्रधानों के वित्तीय अधिकार अधिकारियों के हाथों में चले गए थे। उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा। कदाचित ऐसा न होता तो स्थिति ज्यादा मुफीद होती लेकिन जब जागे तभी सवेरा। अदालत के निर्देश के बाद सक्रिय हुई योगी आदित्यनाथ सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण नियमावली जारी कर दी है। चक्रानुक्रम यानी रोटेशन के तहत आरक्षण का लाभ पंचायतों को तो होगा ही, आरक्षण से वंचित तबका भी अब ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में जोर आजमा सकेगा।

एक ही जाति के व्यक्ति के पास अगर पंचायती हो तो बाकी जाति के लोगों में असंतोष का भाव पैदा होता है। यह स्थिति पंचायत के विकास में रोड़े अटकाती है। सरकार ने इसे न केवल समझा है बल्कि असंतोष की जड़ पर ही प्रहार करने की योजना बनाई है। इससे गांव और शहर के बीच भी संतुलन बनेगा। आरक्षण नियमावली पर कुछ राजनीतिक दलों को असंतोष हो सकता है, उन्हें नाराजगी हो सकती है लेकिन इस दिशा में प्रयास तो बहुत पहले हो जाने चाहिए थे। लेकिन देर आयद– दुरुस्त आयद के तहत जिस तरह योगी सरकार आगे बढ़ रही है, उससे प्रदेश में खासकर पंचायती क्षेत्रों चाहे वह गांव हो, ब्लॉक हो, नगर हो या जिला, व्यवस्था बदलेगी और काम के स्वरूप में भी नवीनता देखने को मिलेगी। बहुत सारे गांव, ब्लॉक, नगर व जिला पंचायतों के वार्ड ऐसे थे जिनका कभी आरक्षण हुआ ही नहीं। एक ही परिवार के हाथ में प्रधानी और पंचायती का दायित्व रहा। पंचायतों के इस वंशवादी चरित्र को तोड़ना मौजूदा दौर की सबसे बड़ी जरूरत थी। सरकार ने इस जरूरत को समझा ही नहीं, बल्कि पंचायतों में सुधारों के दृष्टिगत उसमें सुधार–परिष्कार की दिशा में भी वह आगे बढ़ी।

सामान्य निर्वाचन वर्ष 1995, 2000, 2010 और वर्ष 2015 में अनुसूचित जनजातियों को आवंटित जिला पंचायतें अनुसूचित जनजातियों को आवंटित नहीं की गई हैं और अनुसूचित जातियों को आवंटित जिला पंचायतें अनुसूचित जातियों को आवंटित नहीं हुई हैं। इसी तरह पिछड़े वर्गों को आवंटित जिला पंचायतें पिछड़े वर्गों को आवंटित नहीं की गई हैं। इससे मोनोपोली टूटेगी। किसी जाति विशेष का वर्चस्व टूटेगा। बदलाव होगा तो इससे विकास कार्यों में नयापन भी देखने को मिलेगा।

सरकार का प्रयास रहा है कि चक्रानुक्रम आरक्षण प्रणाली के तहत एक भी पंचायत ऐसी न हो जो जातिगत आरक्षण से वंचित रह जाए। अपने इस प्रयास में वह बहुत हद तक सफल भी रही है। मतलब यह कि हर जाति के लोगों को इसबार चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा। किसी के साथ कोई भेदभाव न हो, इस दिशा में उठाया गया कदम बेहद सराहनीय है। खास बात यह है कि वर्ष 1995 से अब तक के 5 चुनावों में जो पंचायतें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होती रहीं और ओबीसी के आरक्षण से वंचित रह गई, वहां ओबीसी का आरक्षण होना बेहद मायने रखता है। अखिलेश सरकार में वर्ष 2015 में ग्राम पंचायतों का आरक्षण शून्य मानकर नए सिरे से आरक्षण लागू किया गया था। क्षेत्र व जिला पंचायतों में वर्ष 1995 के आरक्षण को आधार मानकर सीटों का आरक्षण चक्रानुक्रम से कराया गया था। योगी सरकार आरक्षण चक्र को शून्य करने के पक्ष में हरगिज नहीं थी। चुनाव में सभी जाति–वर्ग को मौका मिले और पंचायती सरकार किसी एक परिवार या वंशवाद की शिकार न हो जाए, इस लिहाज से भी ऐसा करना जरूरी हो गया है।

चुनाव देर से हों, कोई बात नहीं लेकिन अगर सबके विकास को लक्ष्य रखाकर कोई योजना बनती है तो उसका असर भी दिखता है। योगी सरकार के इस निर्णय का भी असर दिखेगा, इतनी उम्मीद तो की ही जा सकती है। किसानों के आंदोलन के बीच इस तरह का चक्रानुक्रम आरक्षण सरकार के प्रति पंचायतों पर वर्षों से कुंडली मारे बैठे कुछ लोगों की नाराजगी का सबब भी बन सकता है लेकिन काम तो वही करने चाहिए जिसमें सबका हित हो। मौजूदा आरक्षण प्रणाली इसी ओर इंगित करती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# 2017 के चुनाव में चली थी भगवा आंधी, अब इन पांच उपलब्धियों से सफलता दोहराने की चुनौती

लखनऊ ब्यूरो : चित्रकूटधाम मंडल का सियासी मिजाज 2017 में ऐसा बदला कि इससे पहले महज 2 सीटों पर जीती भाजपा ने यहां की सभी 10 सीटों पर भगवा परचम फहरा दिया। कांग्रेस–बसपा से 3–3 और सपा से उसने दो सीटें छीन लीं। यहां तक कि 2019 के उपचुनावों में भी भगवा खेमे का जलवा कायम रहा। पर, क्या ये जलवा 2022 में भी कायम रहेगा? बहरहाल, सरकार के पास गिनाने के लिए मंडल में कई अच्छे काम हैं। तो दूसरी तरफ स्थानीय कारणों से विधायकों से नाराजगी भी है। भगवा खेमे के सामने इस नाराजगी से पार पाने की भी चुनौती है। यहां के सियासी मिजाज की बात करें तो 2017 से पीछे जाना पड़ेगा। 2012 के चुनावों में बांदा की चार सीटों में से तिंदवारी और बांदा सदर कांग्रेस ने जीती थीं तो बबेरू सीट सपा और नरैनी सीट बसपा के खाते में गई थी। चित्रकूट जिले की दो सीटों में से सदर सपा और मानिकपुर पर बसपा ने कब्जा जमाया था। हमीरपुर की दो सीटों में से सदर पर भाजपा तो राठ सीट पर कांग्रेस ने परचम फहराया था। महोबा जिले की बात करें तो महोबा सीट पर बसपा तो चरखारी सीट पर भाजपा ने कब्जा जमाया था। 2017 में सभी सीटें भाजपा ने जीत लीं। बहरहाल, मंडल में कहीं भी जाइए चुनावी चर्चा छिड़ते ही लोग जल जीवन मिशन के तहत चलाई जा रही 'हर घर नल से जल योजना' की तारीफ करते मिल जाते हैं। उनका कहना होता है कि इससे उनकी जिंदगी में काफी बदलाव आएगा। तारीफ करने वालों में हमीरपुर के पंचोरा गांव के देवी प्रसाद भी हैं। वह कहते हैं, हमारे यहां शुद्ध पेयजल की बड़ी समस्या थी। अब ट्रीटमेंट प्लांट लग रहा है तो हालात बदल जाएंगे। बरसों से इस संकट से लोग जूझ रहे थे। वह कहते हैं, हमीरपुर के ही कुरारा के हरौली में भी इसी तरह का प्लांट लग रहा है। देवी प्रसाद का कहना है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिलेगी। बिजली व्यवस्था तो सुधरी, पर रोजगार का अभाव। चित्रकूट के मानिकपुर में स्थित आदर्श इंटर कॉलेज में शिक्षक कैलाश मिश्र कहते हैं, यह बात सही है कि बदलाव आए हैं। बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हुआ है, पर सिंचाई के साधनों का अब भी अभाव है। वहीं, रोजगार की बात करें तो यहां के युवा दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद जैसे शहरों में अकुशल श्रमिक की तरह काम करने के लिए मजबूर हैं। क्षेत्र में न तो उद्योग हैं और न ही कुशल श्रमिक बनाने के लिए पर्याप्त और गुणवत्ता वाले शिक्षण व तकनीकी संस्थान। इन सब पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए। छुट्टा पशुओं के कारण खेत परती छोड़ रहे किसान। चुनावी चर्चा छिड़ते ही बांदा के जितेंद्र कुमार गुप्ता छुट्टा पशुओं की समस्या उठा देते हैं। इससे साफ है कि यहां छुट्टा पशुओं से किसान परेशान हैं। वह कहते हैं, अन्ना प्रथा (मवेशियों को छुट्टा छोड़ देने) ने किसानों की नाक में दम कर रखा है। वह करे भी तो क्या करे? एक तो महंगी खेती, ऊपर से फसलों का नुकसान। कुछ बचता ही नहीं। वह कहते हैं, हालात यह हैं कि लोग खेत परती छोड़ रहे हैं। आगे वह यह भी जोड़ना नहीं भूलते, सरकार को जैविक खेती के लिए न सिर्फ ठोस नीति बनानी चाहिए, बल्कि उसे लागू करने का साहस भी दिखाना चाहिए। हालांकि, चुनावी समीकरण कैसे बन रहे हैं, इस सवाल पर वह कहते हैं कि मुकाबला जोरदार होगा। कौन पार्टी जीतेगी या हारेगी, इसपर मैं कुछ नहीं कह सकता, पर इतना जरूर कहूंगा कि हमारी चाहतें सिर्फ उम्मीद बनकर ही रह गई हैं। रोजगार बढ़े तभी व्यापार बढ़ेगा। कर्वी के व्यापारी अमित शुक्ला कहते हैं, इस बार चुनावी समीकरण साधना आसान नहीं होगा। बहरहाल, भाजपा को कड़ी टक्कर मिलती दिख रही है। पर, प्रत्याशियों के सामने आने के बाद ही स्थिति साफ होगी। मुद्दे क्या हो सकते हैं, इस सवाल पर वह कहते हैं, हमारा मंडल रोजगार के मोर्चे पर पिछड़ा हुआ है। क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तभी तो हमारा व्यापार फलेगा–फूलेगा। बहुत कुछ तय करेगा विधायकों का रिपोर्ट कार्ड। वरिष्ठ पत्रकार आलोक द्विवेदी कहते हैं– देखिए, वर्ष 2017 के चुनाव के नतीजे भाजपा के लिए निसंदेह शानदार रहे। पर, यह भी नहीं भूलना चाहिए कि तब भाजपा के खिलाफ कोई एंटी इन्कंबेंसी (सत्ता विरोधी) फैक्टर नहीं था। पर, इस बार उसके विधायकों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने है। इसलिए पिछली बार की तरह सिर्फ मोदी लहर के सहारे बेड़ा पार होना उतना आसान नहीं है। लोग इसका भी आकलन कर रहे हैं कि कौन नेता लखनऊ बेस्ड है और कौन स्थानीय। उदाहरण के तौर पर वह बताते हैं कि महोबा की राजनीति में अच्छी हैसियत रखने वाले कांग्रेस के कुछ प्रमुख ब्राह्मण चेहरे इस बार सपा में चले गए हैं। हमीरपुर के राठ से कांग्रेस के विधायक रहे गयादीन अनुरागी का सपा में शामिल होना भी समीकरणों को प्रभावित करेगा। द्विवेदी कहते हैं कि योगी–मोदी को लेकर क्षेत्र के लोगों में कोई नाराजगी नहीं दिखती। पर, पिछले प्रदर्शन को दोहराने के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशी बदलने पड़ सकते हैं। नरैनी सुरक्षित (चित्रकूट) सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। यहां लोधी और निषाद चुनावी समीकरण बना और बिगाड़ सकते हैं। वीपी सिंह भी तिंदवारी से लड़े थे उपचुनाव। बांदा जिले की तिंदवारी विधानसभा सीट का अहम स्थान है। यह सीट पूर्व में सीमावर्ती जिले फतेहपुर के संसदीय क्षेत्र में शामिल थी। अब हमीरपुर–महोबा संसदीय क्षेत्र में है। पूर्व में यह वीआईपी सीट भी रही है। यहां से तत्कालीन मुख्यमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह उप चुनाव लड़े और जीते थे। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र हरिकृष्ण शास्त्री भी यहां से सांसद रहे। अब भाजपा के बृजेश प्रजापति यहां से विधायक हैं। बांदा सदर सीट : वादे पूरे नहीं हुए इसलिए बदलता रहा मिजाज। बांदा सदर सीट पर कभी कांग्रेस, कभी बसपा तो कभी भाजपा के प्रत्याशी जीते। वर्ष 2017 में भाजपा से चंद्रपाल कुशवाहा विधायक चुने गए। इस सीट का मिजाज प्रयोगवादी क्यों है, इस सवाल पर कृषि विश्वविद्यालय के पास मिले रूपेश कुमार, नरेश पांडेय और दिलीप चंद्र कहते हैं, यहां के लोग हर चुनाव में क्षेत्र में बिजली, पानी, और विकास जैसे मुद्दों को सामने रखते हैं। नेताओं के वादे पूरे होते नहीं, इसलिए जनता बदल देती है। वे कहते हैं, रोजगार के अवसर बढ़े बिना विकास बेमानी होता है। इस मोर्चे पर काम करने वाले को ही हम अपना वोट देंगे। विधानसभा की बबेरू सीट कभी कम्युनिस्टों का गढ़ कही जाती थी। सीटों का गणितः बांदा (4 सीटें)। बांदा सदर : भाजपा के प्रकाश द्विवेदी विधायक हैं। जातिगत समीकरण : अनुसूचित जातियां करीब 80 हजार, ब्राह्मण 30 हजार, वैश्य व मुस्लिम 25–25 हजार, कुशवाहा 27 हजार, यादव 21 हजार, क्षत्रिय व लोधी 15–15 हजार, निषाद व रैकवार 14 हजार, प्रजापति 11 हजार, पाल 5 हजार। नरैनी (सु.) : भाजपा के राजकरन कबीर विधायक हैं। जातिगत समीकरण : अनुसूचित जातियां करीब 94 हजार, ब्राह्मण 42 हजार, यादव 26 हजार, लोधी, मुस्लिम 25–25 हजार, कुर्मी 24 हजार, कुशवाहा व निषाद 16–16 हजार, क्षत्रिय 14 हजार, वैश्य 13 हजार, प्रजापति 10 हजार, साहू व पाल 5–5 हजार। बबेरू : भाजपा के चंद्रपाल कुशवाहा विधायक हैं। जातिगत समीकरण : अनुसूचित जातियां करीब 92 हजार, यादव 60 हजार, कुर्मी 32 हजार, निषाद व मुस्लिम 25–25 हजार, ब्राह्मण 17 हजार, कुशवाहा 16 हजार, क्षत्रिय 15 हजार, प्रजापति 14 हजार, वैश्य 7 हजार। तिंदवारी : भाजपा के बृजेश कुमार प्रजापति विधायक हैं।। जातिगत समीकरण : अनुसूचित जातियां करीब 71 हजार, क्षत्रिय 55 हजार, निषाद 53 हजार, प्रजापति 26 हजार, मुस्लिम 22 हजार, यादव 17 हजार, ब्राह्मण 16 हजार, कुर्मी 9 हजार, खंगार 6 हजार, साहू व कुशवाहा 5–5 हजार। महोबा (2 सीटें) महोबा : भाजपा के राकेश गोस्वामी विधायक हैं। जातिगत समीकरण : ब्राह्मण करीब 41 हजार, क्षत्रिय 36 हजार, अहिरवार 35 हजार, कुशवाहा 24 हजार, मुस्लिम 20 हजार, यादव 18 हजार, कोरी 15 हजार, प्रजापति 12 हजार, वैश्य 11 हजार, विश्वकर्मा, वाल्मीकि 9–9 हजार, सोनी, चौरसिया, धोबी, सेन 8–8 हजार, लोधी, माली, निषाद, पाल 7–7 हजार, कुर्मी 5 हजार। चरखारी : भाजपा के बृजभूषण राजपूत विधायक हैं। जातिगत समीकरण : लोधी करीब 70 हजार, ब्राह्मण 45 हजार, अहिरवार 40 हजार, कुशवाहा 30 हजार, धोबी 20 हजार, मुस्लिम 18 हजार, साहू व प्रजापति 15–15 हजार, विश्वकर्मा 11 हजार, वैश्य व सोनी 10–10 हजार, अनुरागी 8 हजार, क्षत्रिय 7 हजार। हमीरपुर (2 सीटें) हमीरपुर सदर : भाजपा के युवराज सिंह विधायक हैं। वह 2019 में उपचुनाव में जीते। 2017 में अशोक चंदेल भाजपा से जीते थे। जातिगत समीकरण : ब्राह्मण करीब 50 हजार, क्षत्रिय व निषाद 40–40 हजार, प्रजापति 30 हजार, अहिरवार 28 हजार, मुस्लिम 24 हजार, यादव 20 हजार। राठ : भाजपा की मनीषा अनुरागी विधायक हैं। जातिगत समीकरण : लोधी करीब 1.20 लाख, ब्राह्मण 40 हजार, निषाद व अहिरवार 30–30 हजार, क्षत्रिय 25 हजार, यादव 20 हजार, मुस्लिम 15 हजार, वैश्य 10 हजार। चित्रकूट (2 सीटें) चित्रकूट सदर : भाजपा के चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय विधायक हैं। जातिगत समीकरण : ब्राह्मण करीब 60 हजार, कुर्मी 45 हजार, मुस्लिम 25 हजार, क्षत्रिय व यादव 20–20 हजार, पाल 10 हजार। मानिकपुर : भाजपा के आनंद शुक्ला विधायक हैं। शुक्ला 2019 में उपचुनाव में जीते। 2017 में भाजपा के आरके सिंह पटेल जीते थे। जातिगत समीकरण : ब्राह्मण करीब 40 हजार, कुर्मी 35 हजार, कोल 30 हजार, यादव 20 हजार, मुस्लिम 15 हजार, पाल 12 हजार, क्षत्रिय 10 हजार।

## जब राजनीतिक विरोधी कमलापति से चंदा लेकर चुनाव लड़े राजनारायण

लखनऊ ब्यूरो : भले ही आज राजनीति में कड़वाहट घुल गई हो, पर शुरू में ऐसा नहीं था। लोग वैचारिक विरोधी तो होते थे, लेकिन एक–दूसरे का खूब सम्मान करते थे। निजी रिश्तों में भी काफी मधुरता रहती थी। किस्सा समाजवादी नेता राजनारायण से जुड़ा है। राजनारायण जितने फक्कड़ राजनेता थे, उतने ही अक्खड़। बात 1980 के लोकसभा चुनाव की है। वाराणसी में पं. कमलापति त्रिपाठी और राजनारायण आमने–सामने चुनाव लड़ रहे थे। निजी जीवन में दोनों राजनेताओं के रिश्ते काफी मधुर थे। राजनारायण पंडित जी को 'गुरु जी' कहते थे। राजनारायण ने पंडित जी से यह पूछकर कि वह तो वाराणसी से चुनाव नहीं लड़ेंगे, तब पर्चा दाखिल किया था। पर, तत्कालीन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को तो रायबरेली का हिसाब–किताब राजनारायण से बराबर करना था। लिहाजा इंदिरा गांधी ने अंतिम मौके पर पं. कमलापति त्रिपाठी को राजनारायण के खिलाफ प्रत्याशी बना दिया। प्रो. सतीश राय बताते हैं, एक दिन चुनाव प्रचार के लिए पं. कमलापति कहीं जा रहे थे। रोहनिया के पास राजनारायण मजमा लगाए खड़े थे। राजनारायण को देख पंडित जी ने गाड़ी रुकवाई। पूछा, 'राजनारायण जी प्रचार कैसा चल रहा है।' राजनारायण ने कहा, 'गुरु जी, आप तो खा–पीकर निकले होंगे। यहां तो पैसे ही नहीं हैं। सुबह से कुछ खाया ही नहीं। पहले कुछ पैसे दीजिए, नाश्ता तो करें। कुछ पेट में जाए, तब चुनाव का बताएं।' पंडित जी ने अपने सहयोगी को इशारा कर राजनारायण को कुछ रुपये दिलाए। राजनारायण ने रुपये जेब में रखते हुए कहा, 'गुरु जी यह तो नाश्ते के हो गए। जीप में तेल डलवाने को भी तो दीजिए ताकि प्रचार कर सकूं।' पंडित जी ने हंसते हुए राजनारायण को कुछ रुपये और दिए। कहा, 'मन से चुनाव लड़ो।'

# ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में सैकड़ों लोगों को लगी वैक्सीन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। वैक्सीनेशन के अभियान को जारी रखते हुए आज ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में सभी आयु वर्ग के लोगों को मिलाकर सैकड़ों लोगों को वैक्सीन लगाई गई यह जानकारी कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने दी। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि आज गुरुद्वारा साहब में कोवीशील्ड तथा कोवैक्सीन दोनो की पहली और दूसरी डोज मिलाकर लोगों को वैक्सीन लगाई गई । इस समय जब कोरोना का नया वेरिएंट दुनिया के सामने आ रहा है तो हमारी अपील है कि सभी लोग कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें , मास्क जरूर लगाएं और शीघ्र अति शीघ्र अपना वैक्सिनेशन कंप्लीट करा ले। गुरुद्वारा साहब के वैक्सीनेशन सेंटर में कमेटी के पदाधिकारी हरमिंदर सिंह टीटू, हरविंदर पाल सिंह नीटा, कुलदीप सिंह सलूजा और



सेवादारों द्वारा वैक्सीन लगवाने आने वाले लोगों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाता है और साथ ही साथ इस बात का निरंतर सेवादारों द्वारा आग्रह किया जाता है कि सभी लोग कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें।

# जरूरतमंदों को वितरित किए गए कंबल

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सरस्वती पार्क मालवीय नगर लखनऊ में मानवता व धर्मरक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले सिख धर्म के नौवे गुरु तेग बहादुर जी की पुण्यतिथि पर जन समाज सेवा संस्था द्वारा जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए। जन समाज सेवा संस्था निरंतर अपने निजी स्रोतों द्वारा समाज कल्याण, समाज सेवा के कार्य निस्वार्थ कर रही है। संस्था के अध्यक्ष रनजीत सिंह ने इस अवसर पर संस्था से जुड़े सभी सदस्यों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि हर व्यक्ति जीवन में अपने एवं अपने परिवार के लिए जी रहा है। यह सामान्य है लेकिन जो व्यक्ति दूसरों की खुशी, दूसरों के सुख, दूसरों के मान सम्मान के लिए जीता है। वह व्यक्ति संसार में उच्च स्थान एवं सब के दिलों पर राज करता है। किसी को खुश रखने का मौका मिले तो छोड़िये मत,फरिश्ते होते हैं वो लोग, जो दूसरों की खुशी का ख्याल रखते हैं.. ईश्वर ने कुछ लोगों पर ही अपनी अपार कृपा की है। कि वह जीवन में औरों के काम आते हैं हम सभी का फर्ज है कि हम लोग भी जीवन में दूसरों के लिए कुछ करे जिससे समाज जातिवाद से ऊपर उठ कर प्रेम, एकता,भाईचारे के सूत्र में बंधा रहे



इस कार्यक्रम में निरंजन सिंह जौहरी, सुनील अग्रवाल, नीरज कुमार श्रीवास्तव, अनेक सिंह, रंजीत सिंह, मनरीत सिंह, बलवंत सिंह, जसवंत सिंह, जसवीर कौर, अमर सिंह, हरमिंदर सिंह, युतिका, रेखा, ज्ञानी कुलदीप सिंह, उपस्थित थे।

## लाल रंग हनुमानजी का है : विपक्ष को लाल टोपी का डर सता रहा है – अखिलेश यादव

लखनऊ ब्यूरो : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा नेताओं को लाल टोपी का डर सता रहा है। उन्हें अपना राजनीतिक अस्तित्व खतरे में लग रहा है। भाजपा की लाल बत्ती गुल होने वाली है। इस सच्चाई से भाजपा अच्छी तरह परिचित हो गई है। यही वजह है कि वह समाजवादी पार्टी पर अनर्गल आरोप लगाने लगी है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय संस्कृति का राग अलापने वाले भाजपा नेताओं को यह नहीं पता है कि लाल रंग हनुमानजी का है। जीवन में लाल रंग बदलाव और खुशहाली का प्रतीक है। लेकिन, भाजपा इस बात को समझने को तैयार नहीं है। उसकी नीतियां नफरत फैलाने वाली है। भाजपा नेताओं को देश की भावनाओं से कोई लेना देना नहीं। किसानों, नौजवानों की समस्याओं के प्रति उसका रुख उपेक्षापूर्ण है। किसानों से किए गए वादों को भाजपा भूल गई है। यही नहीं उसने अपने चुनाव संकल्प पत्र में जो वादे किए थे उन्हें भी वह कूड़े में डाल चुकी है। नौजवानों को रोजगार के झूठे आंकड़ों से भ्रमित किया जाता है। उन्होंने कहा कि



संसदीय जनतंत्र में भाषा और व्यवहार की मर्यादा से दल और व्यक्ति का परिचय होता है। भाजपा नेतृत्व में भाषा का संयम मिटता जा रहा है। उसका आचरण भी मर्यादा लांघता नजर आने लगा है। सत्ताशीर्ष से विपक्षी नेताओं के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग कर व्यक्तिगत आरोप लगाया जाना लोकतंत्र में अवांछनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा को वर्ष 2022 में सपा को मिलने वाले जनाधार का अंदाजा लग गया है। ऐसे में वह व्यक्तिगत आरोप लगाने में भी पीछे नहीं रह रही है।

## शराब माफिया ऋषि के माता–पिता का आंबेडकर पार्क पर धरना शुरू

अलीगढ़ ब्यूरो : जवां की पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेनू शर्मा की मौत की सीबीआई जांच की मांग का मुद्दा उठाते हुए बुधवार देर शाम शराब माफिया ऋषि शर्मा व अनिल चौधरी के माता–पिता आंबेडकर पार्क के बाहर धरने पर बैठ गए। हालांकि कुछ देर के प्रयास व समझाने के बाद अनिल चौधरी के माता पिता धरने से उठ गए। देर रात समाचार लिखे जाने तक ऋषि के माता–पिता परिवार के कुछ सदस्यों संग वहां बैठे थे। शुक्रवार रात रेनू की मौत के बाद शनिवार को पोस्टमार्टम केंद्र पर हंगामा और मंगलवार को दीवानी में पेशी पर आए ऋषि द्वारा मौत की साजिश का आरोप उछाला गया है। इसी क्रम में बुधवार देर शाम ऋषि के माता पिता रामप्रकाश व कैलाशी देवी और दूसरे शराब माफिया अनिल चौधरी के माता–पिता करण सिंह व सुखपाली आंबेडकर पार्क पहुंचे। इस दौरान पार्क पर ताला लगा था, इसलिए वे पार्क के बाहर चबूतरे पर ही धरने पर बैठ गए। इन लोगों ने घटना की सीबीआई जांच की मांग रखी। इस खबर पर सीओ तृतीय व एसीएम आदि पहुंच गए। काफी प्रयास व समझाने के बाद वहां से अनिल के माता–पिता हट गए। जिन्हें बाद में गोंडा भेज दिया गया। मगर ऋषि के माता–पिता परिवार के तीन–चार सदस्य बैठे रहे। जहां सपा नेता काशिफ आब्दी भी उनके समर्थन में पहुंच गए। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से देर रात पुलिस भी लगा दी गई थी। इस धरने पर रामप्रकाश व कैलाशी देवी अपनी बहू रेनू की मौत के मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। ऋषि के माता पिता का कहना है कि मांग माने जाने तक वे बैठे रहेंगे।

## जेएन मेडिकल कॉलेज से बिना इलाज के लौट रहे मरीज

अलीगढ़ ब्यूरो : जेएन मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल अब मरीजों पर भारी पड़ने लगी है। बिना इलाज के मरीज लौटने को मजबूर हैं। तीमारदारों का कहना है कि अपने मरीज कहां ले जाएं। नीट पीजी काउंसिलिंग में देरी होने और काम का बोझ बढ़ने से एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के जूनियर डॉक्टर 27 नवंबर से हड़ताल पर हैं। पहले इन लोगों ने ओपीडी फिर वार्ड में अपनी सेवाएं बंद की। इसके बाद इमरजेंसी में अपनी सेवाएं बंद कर दी, जिससे यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी होने लगी। मरीज के साथ पहुंचे सरफराज ने कहा कि इस महंगाई के दौर में उनके लिए प्राइवेट अस्पताल में मरीज का इलाज कराना मुमकिन नहीं है। फिर भी मरीज को तड़पता नहीं देख सकते। इधर–उधर से पैसे का बंदोबस्त करके इलाज कराने की कोशिश करेंगे। आरडीए के सचिव डॉ. मोहम्मद आदिल ने बताया कि एएमयू कुलपति प्रो. तारिक मंसूर को पत्र सौंपकर नॉन एकेडमिक जेआर भर्ती करने की गुजारिश की है। एएमयू के प्रॉक्टर प्रो. वसीम अली ने बताया कि जेएन मेडिकल कॉलेज में जो भी सहूलियतें हैं, उन्हें मरीजों को उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। गंभीर मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

## समाजवादी पार्टी के यूथ के चारों फ्रंटल संगठनों की बुलाई गई बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के यूथ के चारों फ्रंटल संगठनों की बैठक बुलाई गई जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव यादव के जौनपुर मे 14–15 को होने वाली विजय यात्रा को लेकर चर्चा की गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव ने नौजवान साथियों को निर्देश दिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कार्यक्रम को सफल बनाने मे नौजवानों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रहनी चाहिए दोनों दिन जौनपुर मे समाजवादी नौजवान ही दिखाई देना चाहिए जौनपुर के लिए फक्र की बात है की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 2 दिन का समय जौनपुर को दिए हैं इसलिए नौजवानों की जिम्मेदारियां ज्यादा बढ़ जाती है वहीं कार्यालय पर यूथ विंग के राष्ट्रीय प्रदेश कार्यकारिणी में मनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया जिसमें प्रमुख रूप में समाजवादी लोहिया वाहिनी दो राष्ट्रीय सचिव चंद्र प्रकाश मिश्रा व राजीव यादव राजू व मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य आरिफ हबीब और लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव डॉ श्याम प्रकाश सरोज राष्ट्रीय नियुक्त किए गए सभी लोगों का सामूहिक स्वागत किया गया बैठक मे मुख्य रूप से जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह, प्रवक्ता राहुल



त्रिपाठी श्रवन जयसवाल शकील अहमद युवजनसभा के जिलाध्यक्ष शिवजीत यादव, समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप मौर्य मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष गुड्डू सोनकर समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष रजनीश मिश्रा, सुधांशु यादव, श्रवण यादव ,राजवीर यादव, आनंद गुप्ता, शिवांश दुबे चंदन मौर्य, हिमांशु यादव, धर्मेंद्र सोनकर ,उमेश यादव ,पंकज यादव, गौरव सिंह, प्रशांत सिंह, विक्रम सिंह बीके, राकेश यादव, लवकेश शर्मा ,संदीप पाल, अखिलेश पाल, अनिल राजभर आदि लोग उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारियां हुई पूरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का पच्चीसवां दीक्षांत समारोह 10 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगी। एनसीइआरटी के पूर्व निदेशक पद्मश्री प्रो. जे. एस. राजपूत मुख्य अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति द्वारा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को 65 स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। इसमें स्नातक के 18 विद्यार्थियों जिसमें 7 छात्र एवं 11 छात्राएं हैं। इसी तरह परास्नातक में 47 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिलेगा जिसमें 13 छात्र और 34 छात्राएं शामिल हैं। विभिन्न संकायों के 96 शोधार्थियों को भी दीक्षांत समारोह में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की जायेगी। मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. जे. एस. राजपूत को विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किए गए योगदान को देखते हुए दीक्षांत समारोह में डी.एससी. की मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। रसायन विज्ञान विषय में प्रो. दीपक पठानिया को डी.एससी. की उपाधि मिलेगी। इस अवसर पर राजकीय स्कूलों के 51 छात्र– छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। राज्यपाल इन बच्चों को स्कूल बैग ज्योमेट्रिक बाक्स, फल और पुस्तक प्रदान करेंगी। कुलपति प्रोफेसर डा. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि पद्मश्री प्रो. जे.एस. राजपूत ने मुख्य अतिथि के तौर पर हमारा निमंत्रण स्वीकार कर समारोह का गौरव बढ़ाया है। विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता के लिए 10 दिसंबर को माननीय कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल का आगमन विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बने हैलीपैड पर होगा। दीक्षांत समारोह सुबह 10 बजे से अपराह्न 12.30 तक अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में सम्पन्न होगा। इसके लिए नौ दिसंबर को पूर्वाभ्यास किया जाएगा। समारोह में शामिल होने के लिए स्वर्णपदक धारकों को वेशभूषा के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। छात्राओं को सफेद सलवार, सफेद दुपट्टा हल्के रंग का कुर्ता या हल्के रंग की साड़ी धारण करने को कहा गया है। स्वर्णपदक छात्र हल्के रंग की पूरी बांह की शर्ट, गाढ़े रंग की पैंट ही पहनें। छात्राओं को जींस, टाप वर्जित है वहीं छात्राओं को काला, नेवी ब्लू, ब्राउन रंग की पैंट जींस टी शर्ट पहनना वर्जित है। दीक्षांत समारोह में आमंत्रित आगंतुओं को अनिवार्य रूप से आमंत्रण पत्र लाना होगा। मोबाइल, ब्रीफकेस हैंडबैक और इलेक्ट्रानिक उपकरण साथ न लाने के लिए कहा गया है। दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले सभी लोग अनिवार्य रूप से मास्क पहनेगें। बुधवार को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह समेत अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों के साथ परिसर में दीक्षांत समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया।

## जाति–मजहब के नाम पर तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले अब मंदिरों में लगा रहे हैं हाजिरी– दिनेश शर्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां क्षेत्र अंतर्गत राजाराम महाविद्यालय परिसर में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा ने जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को अपने हाथों से प्रमाणपत्र वितरित किया और माध्यमिक व उच्च शिक्षा के अधिकारियों संग विभागीय कार्यो को लेकर बैठक की। तयशुदा कार्यक्रम के तहत प्रदेश के डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा बुधवार को शाहगंज विधान सभा क्षेत्र के रामनगर अरसिया मोड़ स्थित राजाराम महाविद्यालय परिसर पहुंचे जहां जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश तेजी से बदल रहा है जो देश और प्रदेश पूर्व की सरकारों में देखने लायक नही था, आज महज 4 सालों में प्रधानमन्त्री और मुख्यमंत्री के समन्वय के चलते विकास के मामले में दूसरे राज्यों के लिए उदाहरण बन गया है। आज दोनों सरकारें गरीब से गरीब व्यक्ति की जीवन में खुशहाली लाने के लिए और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होनें कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान विपक्ष के लोग बिलों में दबके थे कह रहे थे कि भारत वैक्सीन नहीं बना सकता जब हमारे वैज्ञानिकों ने प्रधानमन्त्री के नेतृत्व में वैक्सीन बना लिया तब उन लोगों ने बीजेपी की वैक्सीन बता लोगों से न लगवाने की अपील की लेकिन लोगों ने बढ़– चढ़कर वैक्सीन लगवाया। वहीं निजी अस्पतालों में गरीबों को पांच लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत मिल रहा है। यह सब हमारी सरकार ने किया। आज गरीबों के लिए दिया जाने वाले खाद्यान्न को हमारी सरकार दोगुना कर 10 किलो कर दिया। शाहगंज के पिछड़े पन को लेकर जाति, धर्म व तुष्टीकरण की राजनीति को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने चीनी मिल चालू कराने के साथ ही विकास का आश्वासन दिया। वहीं विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि जो लोग प्रदेश में जाति, धर्म, मजहब के नाम पर तुष्टीकरण वाली राजनीति कर रहे थे आज वह लैग मन्दिरों में मत्था टेकते नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने सम्बोधन के दौरान लोगों को विपक्ष की भूमिका का मतलब समझाया। शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों की समस्या को शीघ्रता से सुलझाने का आश्वासन दिया तथा आश्वस्त किया कि भाजपा सरकार सबके साथ सबके विकास की प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए कटिवद्ध है। इसके पूर्व सभा को सम्बोधित करने वालों के राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्रा, पूर्व विधायक बांके लाल सोनकर, सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना समेत तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सरकार के विभिन्न योजनाओं के कुल 93 लाभार्थियों को डिप्टी सीएम द्वारा प्रमाणपत्र और आवास की चाभी प्रदान की गई। सुरक्षा के मद्देनजर उप जिलाधिकारी शाहगंज नितिश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार समेत फायर ब्रिगेड व एम्बुलेंस समेत बड़ी संख्या में पुलिस व पीएसी के अधिकारी व जवान कार्यक्रम स्थल पर लगे रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि डॉ उमेश चन्द्र तिवारी, पूर्व प्रमुख खुटहन रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

एक भी तदर्थ शिक्षक की नहीं जाएगी नौकरी– उप मुख्यमंत्री। रु तदर्थ शिक्षकों को दिया सेवा सुरक्षा का आश्वासन। उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने अपने सम्बोधन में माध्यमिक विद्यालयों में तैनात तदर्थ शिक्षकों की सेवा सुरक्षा का आश्वासन देते हुए कहा कि एक भी तदर्थ शिक्षक की नौकरी नहीं जाएगी। डिप्टी सीएम की इस घोषणा के उपरांत कार्यक्रम में मौजूद तदर्थ शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के उपरांत तदर्थ शिक्षकों की नौकरी पर मंडराया संकट अब टलने वाला है। उप मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार तदर्थ शिक्षकों की परेशानी समझ रही है तथा उनकी सेवा सुरक्षा के प्रति सचेष्ट है, जिसमें सम्बन्धा में विधिक उपाय की जा रही है ।शिक्षक पूरी निष्ठा से शिक्षण कार्य करते रहें।

## आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने काम किया तो वह बीजेपी सरकारःडॉ दिनेश शर्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने काम किया तो वह बीजेपी सरकार। मेरठ में अखिलेश यादव और जयंत चौधरी का नाम लिए बगैर उन पर तंज कसते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कल मेरठ में दो लड़के दिखाई दिए वे केवल लड़क्पन दिखाते हैं। कहते हैं हम वैक्सीन नहीं लगवाएंगे। लड़क्पन नहीं दिखाना चाहिए। हमने जो कहा उसे पूरा किया। उक्त बातें बुधवार को शाहगंज तहसील के राजाराम महाविद्यालय रामनगर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा ।साथ ही उन्होंने कहा कि शाहगंज को शाह बनाने का काम बीजेपी करेगी। हम मिलकर विकास करेंगे। साथ ही उन्होंने ने कहा कि हमारा उद्देश्य नौजवानों को नौकरियां देना है। यह बदला हुआ प्रदेश है। पहले माफियाओं की सवारियां निकला करती थी अब वही माफिया जेलों में हैं। डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा के कहा कि यूपी तेजी से बदल रहा है। हमें अपने पीएम पर गर्व है कि वह वाराणसी के सांसद हैं। प्रधानमंत्री जी ने सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में काम किया। 2017 के पहले स्थिति ठीक नहीं थी। उन्होंने कहा कि आज



योगी जी के नेतृत्व में 18 से 22 घण्टे बिजली आ रही है। 2017 के पहले यह स्थिति नहीं थी। पीएम ने घर घर शौचालय बनवाया। ग्रामीण सड़क का निर्माण और रहने के लिए आवास दिया। मुफ्त में बिजली कनेक्शन, मुफ्त में गैस सिलेंडर दिया। उन्होंने प्रदेश और केंद्र सरकार की विकास योजनाओं को गिनाया। कहा कि आज माफिया जेल में हैं, पहले लोगों का जीना हराम कर दिया था। देश और प्रदेश में सिर्फ कानून का राज है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिह व संचालन डॉ जाह्ववी श्रीवास्तव ने किया।

## कार्य में शिथिलता पर दो थाना प्रभारियों के खिलाफ जांच का आदेश

आजमगढ़ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में दर्ज मुकदमों की विवेचना में लापरवाही पर एसपी अनुराग आर्य काफी सख्त हो गए है। अभी दो दिन पूर्व ही उन्होंने दो थाना प्रभारियों के खिलाफ लापरवाही पर जांच का आदेश दिया था। वहीं अब कार्य में शिथिलता पर मेहनाजपुर और मेंहनगर थाना प्रभारियों के खिलाफ प्रारंभिक जांच का आदेश दिया है। नौ अक्तूबर को मेंहनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात के खिलाफ धारा 394




और 504 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। जिसमें मेंहनगर के उपनिरीक्षक उदयराज सिंह द्वारा जांच की जा रही है। अभियोग पंजीकृत होने के बाद दो माह का समय बीत जाने पर भी उन्होंने मामले का अनावरण नहीं किया था। नौ अक्तूबर को ही मेहनाजपुर थाने में भी धारा 323 और 307 के तहत अज्ञात के विरुद्घ मुकदमा पंजीकृत किया गया। उपनिरीक्षक अतीक अहमद द्वारा उक्त अभियोग की विवेचना की जा रही है। दोनों थाना प्रभारियों द्वारा शिथिल पर्यवेक्षण, लापरवाही व उदासीनता बरतने पर एसपी अनुराग आर्य ने दोनों के खिलाफ प्रारंभिक जांच का आदेश दिया है।

## वाराणसी में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का शुभारंभ कार्यक्रम स्थगित : सीडीएस रावत और पत्नी सहित 11 सैन्य अधिकारियों का हुआ था निधन

वाराणसी ब्यूरो : चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत के साथ 11 अन्य सैन्य अधिकारियों के निधन के बाद से पूरा देश शोक में डूबा हुआ है। वाराणसी में गुरुवार से इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का शुभारंभ होने वाला था। बुधवार को सैन्य अधिकारियों के निधन के बाद कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने कार्यक्रम रद्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार, मिर्जामुराद चार्जिंग बस स्टेशन से राज्य मंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाने का भी कार्यक्रम कमिश्नर ने आनन–फानन रद्द कर दिया है। रोडवेज क्षेत्रीय प्रबंधक कमलाकांत तिवारी ने बताया कि गुरुवार को इलेक्ट्रिक बस के परिचालन और हरि झंडी दिखाए जाने का कार्यक्रम था। तमिलनाडु में हुआ हादसा। तमिलनाडु के कुन्नूर में हादसे का शिकार हुए एमआई–17 में देश के पहले सीडीसी जनरल बिपिन रावत का निधन हो गया। इसके अलावा उनकी पत्नी मधुलिका समेत 12 लोगों की भी जान चली गई। बिपिन रावत वेलिंगटन के डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में व्याख्यान देने जा रहे थे। उनका चॉपर लैंड करने से कुछ मिनट पहले ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गुरुवार को उनका पार्थिव शरीर दिल्ली लाया जाएगा। कल यानी शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। ई–बसों में पैनिक बटन और दिव्यागों के लिए रैंप, बुधवार को हुआ था ट्रायल। बुधवार को मिर्जामुराद से अखरी बाईपास होते हुए सारनाथ, मुनारी व दूसरे रूट में मिर्जामुराद से कैंट लंका व राजघाट मार्ग पर ट्रायल किया गया। इस दौरान बस में यात्रियों की जगह अन्य चालक व परिचालक सवार थे। शहर को वायु प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाना है। तय रूट पर 23 बसें सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी। बस



में महिलाओं और दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधाएं दी गई हैं। बस में चालक को लेकर कुल 29 सीटें हैं। दो जनप्रतिनिधियों, दो दिव्यांगों और चार महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। हर चार सीट के अंतर पर पैनिक बटन लगाया गया है। दिव्यांगों के प्रवेश के लिए दूसरे दरवाजे पर रैंप है। मंगलवार को 46 चालकों को नियुक्त किया गया था। बुधवार को 62 परिचालकों की नियुक्ति हुई। बस में नो स्मोकिंग अलार्म लगाया गया है। पांच कैमरे रखेंगे नजर। बस में पांच कैमरे लगाए गए हैं। जो सभी यात्रियों पर नजर रखेंगे। तीन कैमरे अंदर और दो बस के आगे–पीछे बाहर की ओर लगाए गए हैं। ताकि बाहर भी निगरानी रखी जा सके। बैक कैमरा पीछे से आ रहे वाहनों और टर्निंग में सहायक होगा। बस में कर सकेंगे मोबाइल चार्ज । बस में यात्रियों के लिए मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। चार सीटों के अंतराल पर दो–दो चार्जिंग प्वाइंट हैं। इससे आगे और पीछे बैठे दोनों ही यात्रियों को मोबाइल चार्ज करने में आसानी होगी। इमरजेंसी के लिए चार हथौड़े। बस में चार हथौड़े भी रखे गए हैं। इमरजेंसी में शीशा तोड़कर लोगों को बचाया जा सकेगा। इसे बाकायदा पैक कर सीट के ऊपर फिट किया गया है। ताकि कोई भी इसे आसानी से हासिल कर सके। डेस्टिनेशन बोर्ड बताएगा कहां पहुंचे। बस में डेस्टिनेशन बोर्ड लगाया गया है। जिसे बस में बैठे यात्री देखकर आने वाले ठहराव को जान सकेंगे। इसी दौरान पास में लगे पैनिक बटन को दबाकर बस रुकने के लिए एनाउंसमेंट कर सकेंगे। गेट पर लगा ऑटोमैटिक बटन। दोनों गेटों पर ऑटोमैटिक प्रेसर बटन लगाया गया है। जिसे यात्री बाहर से दबाकर भी गेट खोल सकेंगे। यही नहीं बस कार की तरह बिना गेट बंद हुए स्टार्ट नहीं होगी।

## योगी जी के शासनकाल में हम महिलाओं का हित सुरक्षित है : नम्रता चौरसिया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की एक आवश्यक परिचयात्मक बैठक सभी मंडल व जिला पदाधिकारियों नगर के तिलकधारी महिला महाविद्यालय में संपन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रागिनी सिंह ने कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मंत्री प्रियंका श्रीवास्तव ने किया ।बैठक मुख्य अतिथि श्रीमती नम्रता चौरसिया क्षेत्रीय अध्यक्ष और विशिष्ट उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह जी की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने लोगों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत अपने उद्‌बोधन में कहा कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा सदस्यता अभियान में भाग लेते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को बीजेपी का सदस्य बनाएं। जिससे आगामी 2022 के चुनाव में एक बार पुनः प्रदेश में योगी जी की सरकार बने ।योगी जी के शासनकाल में हम महिलाओं का हित सुरक्षित है अभी से ही हम लोगों को एकजुट होकर योगी सरकार की 5 साल की कार्यकाल के दौरान की गई उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है। यह कार्य आप सब लोगों के सहयोग से ही संभव हो पाएगा ।आप सभी लोग अभी से जी जान से जुड़ जाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ



श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।इस मौके पर प्रमुख रूप से महामंत्री विमला श्रीवास्तव, किरण मिश्रा ,उपाध्यक्ष ममता गिरी ,राखी सिंह, राजमति सरोज,जिलामंत्री प्रियंका श्रीवास्तव, करुणा मौर्या, दिव्या सिंह ,कोषाध्यक्ष अंशु कुषवाहा, कार्यालय प्रभारी चेतना श्रीवास्तव सदस्यता मॉनिटरिंग प्रमुख कनक सिंह ,जिला शोध प्रमुख संगीता अग्रवाल और मंडल अध्यक्ष ,सीमा तिवारी ,सीमा मिश्रा ,कुसुम सिंह ,सीमा पासवान ,किरन पाल ,नीलम गुप्ता ,अनुपमा श्रीवास्तव ,शशिकला पाठक ,सपना गौतम ,मिन्ता विन्दजी ,अरुणा पाण्डेय आदि की उपस्थिति रही।

## पूर्व सीडब्ल्यूसी चेयरमैन पर सही निकले दुष्कर्म के आरोप : चार्जशीट

प्रयागराज ब्यूरो : बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के पूर्व चेयरमैन कमलेश सिंह पर दर्ज दुष्कर्म के मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। विवेचना के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उन पर लगे आरोप सही पाए। इसके बाद ही यह कार्रवाई की गई। इस मामले में 26 दिन पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। झूंसी निवासी कमलेश सिंह के खिलाफ नवंबर में कौशाम्बी निवासी महिला ने दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। उसका आरोप था कि मदद के बहाने उससे करीबी बढ़ाकर उससे दुष्कर्म किया गया और फिर उसे धमकी भी दी गई। महिला ने तहरीर में कहा था कि विवाद के बाद उसका पति छह साल की बेटी को लेकर चला गया था। साथ ही उसे बेटी से मिलने भी नहीं दे रहा था। इसकी शिकायत लेकर वह सीडब्ल्यूसी पहुंची थी, जहां तत्कालीन चेयरमैन कमलेश से उसकी मुलाकात हुई। उसने मदद के बहाने उससे करीबी बढ़ाई और फिर अलग–अलग स्थानों पर ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था लेकिन पुलिस ने 12 नवंबर को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था। कोतवाली पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ चार्जशीट प्रेषित कर दी गई है।

## विपिन रावत के दौरे के बाद ही मिली थी अक्षय वट खोलने की सौगात



प्रयागराज ब्यूरो : सीडीएस विपिन रावत का प्रयागराज से सीधा संबंध तो नहीं रहा है लेकिन श्रद्धालुओं के लिए अक्षयवट खोले जाने की सौगात उन्होंने ही दी। अगस्त 2018 में उनके प्रयागराज आगमन के बाद ही इसकी भूमिका तैयार हो गई थी। इस दौरान उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार तथा सुंदरीकरण का भी खाका तैयार कर दिया था। कुंभ–2019 से पहले तत्कालीन रक्षामंत्री निर्मला सीतारमन ने संगम तथा किले का निरीक्षण किया था। इस दौरान बतौर आर्मी चीफ विपिन रावत भी उनके साथ मौजूद रहे। अक्षयवट खोले जाने की मांग लगातार उठती रहती थी लेकिन सुरक्षा कारणों से आम श्रद्धालुओं को पातालपुरी दर्शन के लिए जाने की अनुमति नहीं थी। कुंभ से पहले इस मांग ने फिर जोर पकड़ा तो केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों ने अक्षयवट खोले जाने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में रक्षा मंत्री के साथ आए विपिन रावत ने कुंभ के दौरान सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेने के साथ अक्षयवट खोले जाने का रोडमैप तैयार किया। उन्होंने इस संबंध में पुजारियों तथा स्थानीय प्रशासन के साथ वार्ता की। इसके बाद मंदिर खोले जाने तथा अक्षयवट के जीर्णोद्धार की कवायद तेज हो गई। श्री मंदिर अक्षयवट पातालपुरी पुजारी संघ के प्रबंधक रविंद्रनाथ योगेश्वर का कहना है कि मंदिर में अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करना उनका लक्ष्य था। इसी क्रम में पातालपुरी में ग्रेनाइट पत्थर लगाए गए। परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण, पेयजल, लाइटिंग समेत अनेक कार्य कराए गए। विंद्रनाथ ने बताया कि विपिन रावत के दौरे के कुछ दिनों बाद उनकी पत्नी भी यहां आईं थीं। हालांकि, पत्नी के साथ वह नहीं आए थे। रविंद्रनाथ तथा अन्य पुजारियों ने पूर्व आर्मी चीफ विपिन रावत के प्रति आभार प्रकट किया तथा उनके तथा उनकी पत्नी के निधन पर शोक प्रकट किया।

## मछलीशहर में दो समुदाय में मारपीट कई घायलः बंद कराया गया बाजार : अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात

जौनपुर ब्यूरो : जौनपुर जिले के मछलीशहर तहसील के पीछे स्थित सब्जी मंडी में गुरुवार सुबह दो समुदाय के दो व्यापारियों के बीच शुरू हुई मारपीट में कई लोग शामिल हो गए। इस दौरान मौके पर उपस्थित आरएसएस के नगर प्रचारक समेत सात लोग घायल हो गए। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने बाजार बंद करवा दिया है। क्षेत्र में कई थानों की फोर्स को तैनात कर दिया गया है। शहर में अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात हैं। हालांकि स्कूल, कॉलेज खुले हैं, लेकिन बाजार के अंदर आने वालों को बाहर से ही भेज दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, शाही रोड निवासी रोहित गुप्ता का भांजा राजा आज सुबह स्कूल जा रहा था। उसका आरोप है कि स्कूल के पास मुंह बांधे कुछ लोग पहुंचे और उसे पीटने लगे। घटना की जानकारी जब परिवार के लोगों को हुई तो वे सब्जी मंडी में दूसरे समुदाय के व्यवसायी के घर पूछताछ के लिए पहुंच गए। जहां किसी बात को लेकर उनमें मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों समुदाय से सरजू देवी(70) पत्नी स्वर्गीय हरिश्चंद्र, ऋषभ(26), सरवर राइन(40) पुत्र सिद्दीक, मो. इदरीश(67) पुत्र सलामत, रोहित भोज्यवाल(21) पुत्र हरिश्चंद्र, राजा(19) पुत्र संजय गुता और सरिता देवी(35) पत्नी संजय कुमार लोग घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सरिता देवी को हालत गंभीर देख रेफर किया गया है। इस घटना में मौके पर गए आरएसएस के नगर प्रचारक ऋषभ को चोट लगने की जानकारी होने पर स्वयंसेवक भी एकत्रित हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पांडेय, चौकी इंचार्ज सकलदीप सिंह मौके पर पहुंचे और भीड़ को तितर–बितर करने के बाद बाजार को बंद करवा दिया। एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ अतर सिंह सर्किल की फोर्स के साथ बाजार में गश्त कर रहे हैं।

## बदलेंगे कई टीईटी परीक्षा केंद्र

प्रयागराज ब्यूरो : उत्तर प्रदेश पात्रता परीक्षा पेपर लीक होने के चलते निरस्त हो गई है। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी की ओर से जल्द परीक्षा कराने को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मंगलवार को शासन स्तर पर इसको लेकर एक बैठक हुई, जिसमें सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी को भी बुलाया गया था। परीक्षा नियामक प्राधिकारी इस बार की परीक्षा में क ई जिलों में केंद्रों को भी बदल सकता है। इस बार वित्तविहीन विद्यालयों की जगह राजकीय, सहायता प्राप्त, डिग्री कॉलेज, सीबीएसई और आईसीएसई के कॉलेजों को केंद्र बनाने में तरजीह दी जा सकती है। बेहतर छवि वाले वित्तविहीन विद्यालयों को ही केंद्र बनाया जाएगा। परीक्षा नियामक प्राधिकारी का पूरा जोर त्रुटिहीन प्रश्न पत्र तैयार करने पर है। इसके लिए विषय विशेषज्ञों को भी बुलाने की तैयारी है। यह सब प्रक्रिया पूरा करने में लगभग एक माह लगभग जाएगा। ऐसे में दिसंबर महीने में टीईटी परीक्षा कराना संभव नहीं है। ऐसे में जनवरी के दूसरे या तीसरे सप्ताह में यह परीक्षा हो सकती है।

# भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की कुडौली गाँव में कल होगी भव्य मूर्ति स्थापना

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के मँजनावा ग्राम पंचायत के कुडौली गाँव निवासी क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी करुणाकर पाण्डेय 'बब्बू' द्वारा अपने ही गाँव स्तिथ तमसा नदी के तट पर धर्म ज्ञाताओं, पुरोहितों, विभिन्न राजनेताओं व लगभग 25 हजार ब्राह्मणों की उपस्थिति में शुक्रवार की सुबह 11 बजे भगवान परशुराम कि भव्य मूर्ति की स्थापना की गई।तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। मूर्ति की स्थापना इस नजरिये से भी अहम है कि विगत दो दशकों से चाणक्य परिषद के पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे बड़े–बड़े दावों के बावजूद जिले में भगवान परशुराम की एक भी मूर्ति स्थापित नहीं है।इस कार्यक्रम के आयोजक ने बताया कि भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम ब्राह्मणों के कुल देवता हैं। उनके अनुसार विगत 15 वर्षों से लगातार अयोध्या स्थित सरयूकुण्ड पर चाणक्य परिषद के स्थापना दिवस 14 जनवरी को मनाये जाने वाले खिचड़ी भोज में हर बार चाणक्य परिषद के पदाधिकारियों द्वारा भगवान परशुराम के मूर्ति स्थापना की बात कही जा रही थी। परंतु अब तक न हो सकी। जिससे मेरे ह्रदय को ठेस लगी। अतः मैंने अपने निजी खर्च मूर्ति स्थापना कर प्रभु की सेवा करने का प्रयास किया है।ज्ञात हो कि बब्बू पाण्डेय के इस सराहनीय कदम की पूरे जिले में प्रशंसा हो रही है। तथा सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज गर्व की अनुभूति कर रहा है।

## गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड में सालाना गुरु पर्व समागम श्री गुरुतेग बहादुर महराज जी का 346 वां बलिदान दिवस कीर्तन भजन के साथ सम्पन्न

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)ऐतिहासिक गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड में सालाना गुरु पर्व समागम श्रीगुरुतेग बहादुर महराज जी का 346 वां बलिदान दिवस कीर्तन भजन के साथ मनाया गया।गुरु ग्रन्थ साहब जी का अखण्ड पाठ का समापन हुआ।गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड के मुख्यग्रन्थी ज्ञानी गुरजीत सिंह खालसा चरनजीत सिंह खालसा के द्वारा अरदास किया गया। गुरु लंगर में सभी धर्मों के लोगों व सन्तों महन्थों में भरत दास जी , सुरेश दास जी पत्रकारों ने लंगर चखा।वही आये हुये आगन्तुकों का स्वागत अभिनन्दन किया।ऐतिहासिक गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड के श्रीमहंत बलजीत सिंह के द्वारा किया गया प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी को अयोध्या की पत्रकारिता शान ऊँचा करने के लिए तथा वातानुकूलित अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आशीर्वाद से निर्माण कार्य पूरा करवाने के लिए उन्हें अंगवस्त्र से सम्मानित कर विजयश्री का आशीर्वाद दिया गया।जो बोले सोनिहाल सत्यश्रीकाल विधायक वेद प्रकाश गुप्ता , एसडीएम प्रशांत कुमार, एडीजे राजेश्वर सिंह खुशिनगर , भाजपा महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा का महंत बलजीत सिंह द्वारा स्वागत किया गया।इनके अलावा ठेकेदार यशवीर सिंह, जंग बहादुर सिंह , एडवोकेट कुलजीत सिंह, एडवोकेट गुरुवीर सिंह भी सम्मलित हुए।

## फ्री राशन के लिए राशन कार्ड धारक इन तारीखों का रखें ध्यान, महीने में एक बार मिलेगा तेल–दाल और नमक

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)सीएम योगी आदित्य्यनाथ के निर्देश पर सरकार अब राशन कार्ड धारकों को हर माह दो बार निःशुल्क खाद्यान्न बांटने जा रही है।इसमें एक राज्य सरकार के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत तो दूसरा केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलेगा। इसमें प्रति यूनिट 10–10 किलो अनाज दिया जाएगा। इसके साथ ही माह में एक बार निःशुल्क नमक, तेल और दाल भी फ्री में मिलेगा। सभी खाद्य सामग्रियों को कोटेदार दिसम्बर से मार्च तक निःशुल्क बाटेंगे। प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का राशन पांच से 15 तारीख तक और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का राशन 20 तारीख से 30 तारीख तक बटेगा। निःशुल्क गेहूं और चावल के साथ ही प्रत्येक कार्ड पर एक किलो आयोडाइज्ड नमक, एक किलो दाल या साबुत चना और एक लीटर खाद्य तेल (सरसों का तेल या रिफाइंड) निःशुल्क वितरित किया जाएगा। इसका लाभ पात्र गृहस्थी और अंत्योदय दोनों को मिलेगा। अंत्योदय राशन कार्ड पर 35 किलो प्रति कार्ड की दर से 20 किलो गेहूं और 15 किलो चावल मिलेगा। वहीं पात्र गृहस्थी राशन कार्ड पर प्रति यूनिट पांच किलो की दर से तीन किलो गेहूं और दो किलो चावल मिलेगा।दिसम्बर से मार्च तक कार्ड धारकों को निःशुल्क राशन दिया जाएगा।लेकिन नमक, तेल, दाल के वितरण की तारीख अभी नहीं मिली है।

## पूर्व मंत्री के वाहन से उद्यान विभाग के कर्मचारी की मौत, पुलिस के मुताबिक वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं

अयोध्या। (राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र के गुलाबबाड़ी परिसर में लग्जरी वाहन से कुचल कर उसमें काम करने वाले एक माली की मौत हो गई।सूत्र के मुताबिक पुलिस की छानबीन में यह सामने आया है कि हादसा करने वाला वाहन सपा के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री को लेकर गुलाबबाड़ी आया था।वही उक्त वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं था।वही घटनास्थल पर पूर्व कैबिनेट मंत्री भी मौजूद थे।लेकिन वह परिसर में एक मीडिया संस्थान की ओर आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम में उपस्थित थे।मालूम हो कि उक्त परिसर गुलाबबाड़ी पुरातत्व विभाग की ओर से संरक्षित स्मारक है, जहां किसी भी प्रकार के कार्यक्रम एवं वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है।वही जिलाधिकारी नितीश कुमार एवं सिटी मजिस्ट्रेट सत्येंद्र सिंह ने भी इस तरह के आयोजन के बारे में जानकारी होने से अनभिज्ञता जाहिर की है।उसके बाद हादसे के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री मौके से चले गए।मिली जानकारी के मुताबिक गुलाबबाड़ी के मुख्य गेट पर तैनात माली घिर्राऊ प्रसाद ने वाहन रोकने का प्रयास किया था, लेकिन चालक जबर्दस्ती वाहन लेकर परिसर में पहुंच गया।गुलाबबाड़ी में तैनात उद्यान कर्मियों की मानें तो परिसर में किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है, लेकिन चालक जबर्दस्ती वाहन लेकर उद्यान परिसर में प्रवेश कर गया।इस दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने वाहन को पकड़ने के लिए मुख्य गेट को बंद कर दिया।वही लोगों के मुताबिक हादसे के बाद चालक वाहन छोड़ कर भाग निकला।वही मृतक की पहचान खुर्दाबाद नौघड़ा निवासी 56 वर्षीय शंकरलाल के रूप में हुई, जो उद्यान विभाग में माली के पद पर कार्यरत थे।वह कई वर्षों से गुलाबबाड़ी परिसर में ही रहते थे।वही बीमारी के चलते शंकरलाल एक से 15 दिसंबर तक अवकाश पर थे।इस संबंध में माली घिर्राउ प्रसाद ने बताया कि गुलाबबाड़ी में आयोजित एक परिचर्चा में शामिल होने के लिए कई नेता आए थे।पूर्व मंत्री कार्यक्रम में थे, इसी बीच चालक लग्जरी वाहन को मोड़ने लगा।वाहन पीछे करते समय भूमि पर विश्राम कर रहे शंकरलाल उसकी चपेट में आ गए।जिसे गंभीरावस्था में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां शंकरलाल को मृत घोषित कर दिया गया।इस घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी विजयपाल सिंह, एएसपी/सीओ सिटी पलाश बंसल, कोतवाल देवेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंच पड़ताल की।वही पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद का कहना है कि वाहन उन्हीं का था, लेकिन हादसा उससे नहीं हुआ।एक स्थान पर खड़ा था।वह कार्यक्रम में थे, तभी एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत की सूचना उन्हें प्राप्त हुई। गेट कीपर ने दरवाजा खोला तभी उनका वाहन गुलाबबाड़ी में प्रवेश किया।उन्होने कहा कि सत्ताधारी दल उन्हें बदनाम करने की साजिश कर रहा है।वहीं, एएसपी/सीओ सिटी पलाश बंसल ने बताया कि वाहन पर कोई रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं है। वाहन पूर्व मंत्री को लेकर कार्यक्रम में आया था, लेकिन हादसे के वक्त वह वाहन पर सवार नहीं थे। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।राजकीय उद्यान अधीक्षक बीपी सिंह ने बताया कि मृतक शंकरलाल के स्वजनों को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। मृतक के स्वजनों की ओर से मुकदमा दर्ज कराया जाएगा, लेकिन शंकरलाल उद्यान विभाग के नियमित कर्मचारी थे, इसलिए हादसे में गुलाबबाड़ी में तैनात माली रमेश पाठक को कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।वही पुरातत्व विभाग के अवर संरक्षक सहायक पवन कुमार का कहना है कि गुलाबबाड़ी पुरातत्व विभाग की ओर से संरक्षित स्मारक है।इसके परिसर में वाहनों का प्रवेश व किसी भी प्रकार का आयोजन प्रतिबंधित है।आयोजन रोकने के लिए भी कहा गया था।विभागीय स्तर से भी इस मामले में कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों से मार्ग दर्शन मांगा गया है,लेकिन अभी कुछ नही हुआ है।

## गन्ना नही लादने पर पति पत्नी ने दबंग पर पीटने का लगाया आरोप

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के रौनाही थाना सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत पिरखौली गांव निवासी अनीस पुत्र घिर्राऊ को ट्राली पर गन्ना लादने से मना करना भारी पड़ा।आरोप है कि दबंग मोनू सिंह पुत्र रन बहादुर सिंह व प्रिंसी सिंह ने लाठी डंडो से पीट पीट कर मजदूर को घायल कर दिया।सूत्र के मुताबिक उक्त मजदूर की सूचना पर डायल 112 ने मौके पर पहुंच कर इलाज के लिए सीएससी सोहावल भिजवाया।वहां के डॉक्टरों ने उसकी हालात गंभीर देख कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वही पुलिस को दी गयी तहरीर मे पीडित ने दोनों आरोपियों पर आरोप लगाया कि उक्त आरोपियों ने गन्ना लादने के लिए कहा मना करने पर लाठी डंडों से मारने लगे। गुहार सुन,मेरी पत्नी मतूला छुडाने दौडी उसको भी दबंगों ने बुरी तरह मार कर हम दोनों को मरणासन्न कर दिया घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रुम को देने पर पहुंची पुलिस को देख मौके से दबंग फरार हो गये। जिससे हमारी जान बच सकी।इस बाबत मे एस एच ओ शमशेर बहादुर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पीडितो को मैडिकल के लिए भेजकर आरोपितो के विरुद मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## रामायण मेला समिति द्वारा आयोजित 40 वें रामायण मेला में समिति द्वारा प्रकाशित तुलसीदल पत्रिका के 39 वें व 40वें अंक का हुआ लोकार्पण

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पवित्र पावन नगरी राम कथा पार्क अयोध्या में रामायण मेला समिति द्वारा आयोजित 40 वें रामायण मेला में समिति द्वारा प्रकाशित तुलसीदल पत्रिका के 39 वें व 40वें अंक का भव्य लोकार्पण अपर आयुक्त प्रशासन श्रीमान शिवपूजन के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। जिसमें प्रमुख रुप से उप सूचना निदेशक डॉ0 मुरलीधर सिंह,दीपचंद्र राही प्रसारण प्रभारी, नागा राम लखन दास जी महाराज, पत्रिका के संपादक डॉ0 जनार्दन उपाध्याय, साहित्य सम्राट के संपादक डॉ0 सम्राट अशोक मौर्य, जनमोर्चा के सूर्य नारायण सिंह, व्यवस्थापक दीप कृष्ण वर्मा, नंद कुमार मिश्रा पेडा जी महाराज, कमलेश सिंह, सांस्कृतिक विभाग के तुहीन दिवेदी, आचार्य पंडित मदन पाण्डेय आदि संभ्रांत नागरिक व संत महंत उपस्थित रहे।

# जिले के सभी विधानसभा में घर घर सपा चलाएगी जन जागरण अभियान – तेज नारायण पाण्डेय

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)जिले अयोध्या जनपद की सभी विधानसभाओं में सपा की अलग अलग टीमें घर घर जाकर जन जागरण अभियान चलायेगी।सपा के पदाधिकारी भ्रष्टाचार के साथ साथ इस समय महिला उत्पीड़न, बेरोजगारी, अपराध व मंहगाई को लेकर जनता से रुबरु होगे।जो चुनाव तक लगातार जन जागरण अभियान चलेगा।यह बाते सपा के पूर्व राज्यमंत्री पवन पांडेय ने कही।उन्होने कहा कि जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से प्रदेश में अराजकता, भ्रष्टाचार व महंगाई की भट्टी में प्रदेश को झोंक दिया है। प्रदेश के साथ–साथ अयोध्या भी छली गई, ठगी गई, लूटी गई,विकास के नाम पर किसानों का उत्पीड़न किया गया।एयरपोर्ट के नाम पर किसानों को धमकी देकर उनके परिवार को थाने में बैठा कर उनकी जमीने लिखाई गई। अयोध्या में जो व्यापारी तीन पुश्तों से 100 साल से ज्यादा समय से कारोबार कर रहे थे उनकी दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया।जिला प्रशासन दुकान के नाम पर दुकान देने का आश्वासन देकर बेवकूफ बनाता रहा। उनकी दुकानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।व्यापारियों की रोजी रोटी व उनके भविष्य सरकार खिलवाड़ कर रही है। अयोध्या में विकास के नाम पर कुछ न होकर केवल अखबारों और चैनलों में करोड़ों रुपए का विज्ञापन दिखाई पड़ता है।लेकिन जमीन पर कोई विकास नहीं हुआ। राम के नाम पर धर्म के नाम पर अयोध्या को ठगा गया और छला गया।मंहगाई लाने वाली सरकार, किसान विरोधी सरकार, भ्रष्टाचार बढ़ाने वाली सरकार को हटाने में जनता सहयोग करें।

# 16वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल बनेगा समारोह के आकर्षण का बड़ा हिस्सा

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।देश भर में प्रतिष्ठित अयोध्या फिल्म फेस्टिवल का सिलसिला पड़ाव दर पड़ाव आगे बढ़ता जा रहा है,हाल ही में फेस्टिवल का 15वां संस्करण सफलता के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें देश–दुनिया की उल्लेखनीय फिल्मों का प्रदर्शन हुआ. अब 16वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल की भव्य तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं. आयोजकों ने दुनिया भर के सिने निर्माता–निर्देशकों से अलग–अलग विषयों में एंट्री आमंत्रित की है. सभी एंट्री ऑनलाइन माध्यम से आयोजकों तक भेजी जा सकती है। 16वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के लिए एंट्री 8 दिसंबर से शुरू हो रही है. अगले साल 22 से 24 अगस्त के बीच बेनीगंज आईटीआई में फिल्म समारोह का भव्य आयोजन होगा. अयोध्या फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 'अवाम का सिनेमा' करता आ रहा है. सार्थक सिनेमा का चयन, पारदर्शी प्रक्रिया और आयोजन में व्यापक रूप से जनपक्षधर प्रतिष्ठित सिने कार्यकर्ताओं के जुड़े होने की वजह से फेस्टिवल ना सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में जगह पा चुका है।अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के , ज्यूरी चेयरमैन प्रोफेसर मोहन दास ने बताया कि दुनिया भर के सिने निर्माता–निर्देशक कलाकार अपनी फिल्मों को समारोह के 16वें एडिशन के लिए भेज सकते हैं. ऑनलाइन माध्यम से प्रविष्टियां भेजने में कोई परेशानी ना हो इसकी तैयारी की गई है. फिल्मों को शुल्क के साथ फिल्मफ्रीवे के माध्यम से सीधे भेजा जा सकता है।अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक शाह आलम ने कहा–अवाम का सिनेमा, वर्ष 2006 में काकोरी एक्शन के महानायकों की याद में शुरू किया गया था. अवाम का सिनेमा ने अब तक देश के विभिन्न हिस्सों में कई उल्लेखनीय फिल्म समारोहों का आयोजन किया है. इस वर्ष आजादी का हीरक जयंती वर्ष चल रहा है. लिहाजा अवाम का सिनेमा देश के कई विश्वविद्यालयों के साथ शहीदों के जीवन पर फिल्म निर्माण के लिए वर्कशाप आयोजित करेगा. आजादी के नायकों पर बनी फिल्में भी 16वें अयोध्या फिल्म समारोह के आकर्षण का बड़ा हिस्सा होंगी. यहां स्वतंत्रता सेनानियों पर बनी फिल्मों को दिखाया जाएगा और सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को सम्मानित भी किया जाएगा।अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के आयोजकों ने बताया कि समारोह में तमाम निर्माता–निर्देशक अपनी फिल्में दिखाना चाहते हैं. आखिरी समय में फिल्मों की एंट्री अनुरोध पर स्क्रीनिंग और रिव्यू में समस्याएं आती हैं. इस वजह से तमाम अच्छी फिल्में समारोह का हिस्सा नहीं बन पाती. ज्यादा से ज्यादा फिल्में समारोह में पहुंच पाए इस वजह से आयोजकों ने ऑनलाइन माध्यम से एंट्री प्रोसेस को शुरू कर दिया है।

## बिलारी माफी स्थित सिद्धार्थ नर्सिंग होम का हुआ उद्घाटन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के बिलारी माफी स्थित सिद्धार्थ नर्सिंग होम का उद्घाटन हुआ।जिससे अब ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल जाएगी।वही सिद्धार्थ नर्सिंग होम जरूरतमंदों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।यह बाते बीकापुर नगर पंचायत चेयरमैन जुग्गीलाल यादव ने मंगलवार को बीकापुर नगर पंचायत के बिलारी माफी स्थित नर्सिंग होम के उद्घाटन के अवसर पर कही।भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में नर्सिंग होम खोलने से लोगों को चिकित्सीय सेवाओं का आसानी से लाभ मिल सकेगा। उन्होंने यह भी कहा की अमीरों के साथ गरीबों का भी इलाज संभव हो सके ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए प्रेरित किया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्र में नर्सिंग होम संचालित करने के लिए डॉ दिलीप कुमार वर्मा को शुभकामनाएं दी श्री वर्मा ने कहा अस्पताल को जनोंउपयोगी बनाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अरविंद कुमार गोस्वामी ,रामगोपाल मौर्य, सभासद मुकेश कुमार वर्मा सभासद राकेश कुमार वर्मा, राजू सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा के अलावा आसपास के गणमान्य लोग शामिल रहे। इसके अलावा लोकगीत गायक अरविंद कुमार मौर्य के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## सचिव के घोटाले की जाँच समकक्ष सचिव से कराने की शिकायत जिलाधिकारी से

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विकास खण्ड मसौधा के शिवदासपुर गाँव में विकास कार्यो में काफी घोटाला की बात सामने आयी और स्थानान्तरित ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा चार माह बीत जाने के बाद मौजूदा ग्राम पंचायत अधिकारी को चार्ज न देने पर गाँव के पूर्व प्रधान लाल बहादुर शुक्ल ने जिलाधिकारी से शिकायत की।सूत्र के मुताबिक शिकायत पर बनी जाँच कमेटी में समकक्ष कर्मचारी रखने पर पुनः शिकायत जिलाधिकारी से की और जाँच कमेटी में एडीओ स्तर के अधिकारी से कराये जाने की मांग की गई है।मालुम हो कि शिवदासपुर गाँव में पहले तैनात रही ग्राम पंचायत अधिकारी शालिनी वर्मा का स्थानांतरण हो गया। स्थानान्तरण के चार माह बाद भी शालिनी वर्मा ने मौजूदा ग्राम पंचायत अधिकारी शशिकला यादव को परिवार रजिस्टर छोड़कर कोई चार्ज नहीं दिया।जिससे गाँव का विकास बाधित हो रहा है और गाँव बिना कार्य किये पैसा निकलने की आशंका करते हुए गाँव के पूर्व प्रधान लाल बहादुर शुक्ल ने जिलाधिकारी से शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने जाँच के आदेश दिए तो ब्लॉक प्रशासन शालिनी वर्मा को बचाने में लग गया ब्लॉक प्रशासन दवरा जो जाँच कमेटी बनाई गयी उसमे समकक्ष ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल दूबे,राजेन्द्र पाण्डेय,और जितेन्द्र वर्मा को रखा गया।बुधवार को पूर्व प्रधान लाल बहादुर शुक्ल ने पुनः जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि शालिनी वर्मा को बचाने के लिए समकक्ष कर्मचारी की टीम बनाई गयी है।जबकि सहायक विकास अधिकारी स्तर के अधिकारी से जाँच कराई जाय तो सही जाँच हो पायेगी।उन्होंने कहा कि अगर एडीओ स्तर के अधिकारी की टीम बनाकर जाँच नहीं करवाई गयी तो हम अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

## विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू की विधानसभा की सदस्यता रद्द होने के चलते गोसाईंगंज विधानसभा सीट हुई रिक्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)सूत्र के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी के जिले के गोसाईगंज विधानसभा से विधायक रहे सजायाफ्ता इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू एवं उनके समर्थकों को गुरुवार सुबह एक खबर के बाद और झटका लगा है। पहले एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा 5 साल की सजा और अब इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू की विधानसभा की सदस्यता भी निरस्त हो गई है।मालूम हो कि अयोध्या की एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा 5 साल की सजा के बाद इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने अपनी सजा के खिलाफ एंव जमानत के लिए हाई कोर्ट में अपील की है। हालांकि हाईकोर्ट में बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला 13 दिसंबर के लिए सुरक्षित रख लिया है।लेकिन इससे पहले ही एक और खबर ने इंद्रप्रताप तिवारी खब्बू एंव उनके समर्थकों को मायूस कर दिया।सूत्र के मुताबिक गुरुवार सुबह इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू की विधानसभा की सदस्यता की भी निरस्त होने की खबर आने के बाद उनके समर्थकों में मायूसी छा गई।ज्ञात हो कि अयोध्या के एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा फर्जी मार्कशीट मामले में 18 अक्टूबर को इंद्रप्रताप तिवारी खब्बू एवं दो अन्य लोगों को फर्जी मार्कशीट के मामले में पांच पांच साल



की सजा सुनाई थी तभी से ही यह अंदेशा जताया जा रहा था देर सवेर भाजपा विधायक की सदस्यता भी निरस्त हो जाएगी और आखिरकार भाजपा विधायक की सदस्यता भी निरस्त हो गई।हालांकि सजा के खिलाफ एंव जमानत के लिए हाई कोर्ट द्वारा फैसला सुरक्षित रखने के बाद 13 तारीख को क्या फैसला आता है या भविष्य के गर्भ में है।कोर्ट के फैसले से पहले कुछ भी कहना अभी जल्दबाजी होगी।

## अयोध्या राम नगरी में धूमधाम से मनाया गया सीताराम विवाह महोत्सव




अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।राम नगरी अयोध्या में श्री राम विवाह महोत्सव की धूम को लेकर अयोध्या के मंदिरों में ही नहीं बल्कि घर घर में इस उत्सव को मनाया जा रहा है। वही देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालु मंदिरों में से निकलने वाली राम बरात में शामिल हुए और बाजे गाजे व हाथी घोड़ा के साथ बारात निकाली गई। तो वहीं दूसरी ओर राम विवाह महोत्सव में राम मंदिर समर्थक अनीस खान बबलू भी शामिल हुए जहां उन्होंने अपने समर्थकों के साथ राम बारात के बरातियों का फूलो की माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।दरसअल अयोध्या नगरी में श्री राम विवाह महोत्सव की धूम है। अयोध्या की सड़कों पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की दूल्हे सरकार की चल अचल विग्रह के साथ धूमधाम से बाजे गाजे के साथ सभी प्रमुख मंदिरों से बारात निकाली गई। जिसमें देश भर से आए श्रद्धालु नाचते गाते और थिरकते चल रहे हैं। हर भक्त अपने आराध्य की धरा धाम पर हो रहे है। और विवाह उत्सव में शामिल होकर अपने को धन्य मान रहे हैं। विवाह उत्सव के लिए मंदिरों को विद्युत झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है बारातों में देश के अलग अलग क्षेत्रों से आए कलाकार वाद्य यंत्रों पर अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह ले रहे हैं बारात के स्वागत के लिए अयोध्या की सड़कों पर दोनों तरफ भक्तों की भीड़ जमी हुई है बारात में शामिल लोग कह रहे हैं कि हम इस विवाह उत्सव में शामिल हुए।इस विवाह महोत्सव में शामिल होने पहुंचे श्रद्धालु ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम की भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। ऐसे में भगवान के उत्सव को भी बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज राम बरात में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। सही बताया कि जिस प्रकार से हम लोग अपने परिवार में विवाह कब वर्षगांठ मनाते हैं। उसी तरह आज अयोध्या में भगवान राम के विवाह वर्षगांठ मनाने के लिए पहुंचे हैं!

## तहसील रुदौली में चल रहा ईवीएम एवं वीवीपैट जागरूकता प्रशिक्षण अभियान – प्रज्ञा सिंह

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तहसील रुदौली में ईवीएम व वीवीपैट जागरूकता प्रशिक्षण अभियान चलाकर मतदाताओं से ईवीएम मशीन में मतदान कराकर सत्यापन कराया जा रहा है।इस संबंध में तहसीलदार रुदौली प्रज्ञा सिंह ने बताया वोटर वेरीफाईबल पेपर ऑडिट ट्रैल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से जुड़ी एक मशीन है जिसके द्वारा मतदाता अपने दिए गए वोट का सत्यापन कर सकते हैं।इसके माध्यम से मुद्रित पर्ची में मतदाता लगभग 7 सेकंड तक उम्मीदवार की क्रम संख्या नाम एवं चुनाव चिन्ह देख सकते हैं जिसे उन्होंने वोट दिया है।इस मौके पर तमाम मतदाताओं से ईवीएम में मतदान कराकर मौके पर सत्यापन भी कराया गया।इसी क्रम में नगर रुदौली,ग्राम भेलसर सहित अन्य ग्राम में बीएलओ व सुपरवाइजर लेखपाल यशवंत प्रताप द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को लेकर ईवीएम एवं बीबीपेट द्वारा मतदाताओं को वोट डालने का प्रशिक्षण दिया गया।इस मौके पर सभासद गुलाम अन्सारी,गया शंकर कश्यप,अख्तर अली खान,मो0 हमीम खान,हसन शेख,शकील अन्सारी,अतीक सिद्दीकी,गुफरान अहमद,शरीफ असलम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने नौ लोगों को शांति भंग की आशंका में किया चालान

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)जिले के मवई पुलिस ने विभिन्न मामलों में नौ लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।इस संबंध में वरिष्ठ उप निरीक्षक राम चेत यादव ने बताया कि ग्राम तकिया मजरे भटमऊ नरायनपुर में मोनू तथा अतहर को महिला के साथ विवाद करने की सूचना मिली इस पर उप निरीक्षक अशोक कुमार ने सिपाही जय सिंह यादव तथा दयानन्द यादव के साथ पहुंच कर दोनों को पकड़ लिया।दूसरा मामला तकिया के आजाद तथा भानीपुर के अशोक व पारसनाथ के बीच आपस मे किसी बात को लेकर विवाद होने की सूचना पर उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने मौके पर पहुंच कर तीनों को पकड़ कर थाने ले आये।एसएसआई आरसी यादव ने बताया तीसरा मामला ग्राम बरौली में नाली तथा रास्ते को लेकर राम अभिलाख यादव तथा राकेश यादव व चेताराम यादव के बीच विवाद होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को पकड़ कर थाने ले आयी।ग्राम बिहारा में शराब पीकर उत्पात मचाने के आरोप में सैदपुर चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार यादव ने मौके पर पहुंच कर सुरेश कुमार को पकड़ कर थाने भेज दिया।मवई के थाना प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि पकड़े गये सभी लोगों को शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत चालान कर दिया गया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।